दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO. MPHIN/37471 जबलपुर, मंगलवार 29 मार्च 2022, कृष्ण पक्ष नवमीं, विक्रम संवत-2077 वर्ष-03 अंक-115 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

ये बढ़िया है। जनता को प्रलोभन परोस कर प्रदेश की सत्ता हथिया लो और जब मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की नौबत आए तो भीख का कटोरा लेकर केन्द्र सरकार के पास पहुंच जाओ। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जो आसमानी चुनावी वादे कर सत्ता पाई है उसे पूरा करना उसके बूते की बात नहीं है। वहां के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सौजन्य भेंट के बहाने पीएम मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे और पंजाब के लिए एक लाख करोड़ रूपए के विशेष पैकेज की मांग कर दी। इसे ही कहते है पड़ौसी के भरोसे अपने बच्चे पालना।

सूर्योदय

उदय : 6.19 प्रात:

अस्त : 6.35 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,935,594,410

भारत : 1,403,846,100

बाजार

सेंसेक्स : 57989.30

निफ्टी : 17222.80

गोल्ड : 52,310 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 68,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.98 प्रति नग

बंगाल विधानसभा की गरिमा तार-तार

बीरभूम हिंसा पर भाजपा और टीएमसी विधायकों के बीच सदन में मारपीट, घायल टीएमसी एमएलए अस्पताल में भर्ती

कोलकत्ता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को बीजेपी और टीएमसी विधायकों के बीच जोरदार झड़प हुई। बीजेपी विधायक बीरभूम हिंसा मामले पर बहस की मांग कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के विधायकों के बीच मारपीट हो गई और विधायकों ने एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए।

पांच भाजपा विधायक निलंबित- विधानसभा में हुए हंगामे के दौरान टीएमसी विधायक असित मजूमदार घायल हो गए। उन्हें कोलकाता के पीजी अस्पताल के वुडवर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। सुवेंदु अधिकारी सहित 5 भाजपा विधायकों को अगली सूचना तक विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर लोकसभा में भी सोमवार को पश्चिम बंगाल की विधानसभा में हुई हिंसा के बाद हंगामा हुआ। इसके चलते सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया गया है।

बीजेपी ने टीएमसी पर लगाए गंभीर आरोप- बंगाल विधानसभा में हुए बवाल की जानकारी मिलने पर सीएम ममता बनर्जी ने राज्य के शहरी विकास मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम को फोन किया। सीएम ने इस पूरी घटना पर चिंता जताई। वहीं, बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला और अन्य महिला विधायकों ने विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों के साथ मिलकर बीजेपी विधायकों पर हमला किया।

कुछ लोगों को सदन की गरिमा का ख्याल नहीं- स्पीकर- बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा, सदन में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सदन की गरिमा का ख्याल नहीं है। वे विधानसभा के महत्व को नहीं समझते हैं और उनका मकसद केवल विधानसभा में हंगामा करना है। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी ने 22 लोगों को आरोपी बनाया है। साथ ही रविवार को ऋस्त्र के ब्लॉक अध्यक्ष अनारुल हुसैन से पूछताछ की थी। सीबीआई टीम आज दोपहर बीरभूम हिंसा के आरोपियों को जांच के लिए सीबीआई कैंप ले गई है। बंगाल सीएम ममता बनर्जी का कहना है कि इस हिंसा में टीएमसी की कोई भूमिका नहीं है, इसके पीछे किसी की साजिश है।

यूपी में विधायकों ने ली शपथ: योगी ने अखिलेश से हाथ मिलाया, कंधे पर हाथ रखकर थपथपाया, महाना ने स्पीकर पद के लिए नामांकन किया

लखनऊ। यूपी विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम चल रह है। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शपथ ली। शपथ लेकर लौटते वक्त योगी को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने बुके दिया। योगी ने अखिलेश से हाथ मिलाया और फिर कंधे में हाथ रखकर पीठ थपथपाई। वहीं, अखिलेश जब शपथ लेने गए तो उन्होंने योगी का नमस्ते करते हुए अभिवादन किया। विधानसभा में आज और कल दो दिन तक 403 विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 1- शपथ के लिए जाते वक्त योगी आदित्यनाथ को अखिलेश यादव ने बुके दिया। योगी ने अखिलेश से हाथ मिलाया और कंधा थपथपाया। शपथ लेने के लिए जाते हुए अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य से हाथ मिलाया और हाथ जोड़कर योगी का अभिवादन किया।योगी आदित्यनाथ, केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, सुरेश खन्ना ने खड़े होकर अखिलेश यादव का अभिवादन किया। सदन में अखिलेश यादव नेता विपक्ष की कुर्सी पर बैठे। शपथ के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि जनादेश पर काम करूंगा, जनता से जुड़े हर मुद्दे को सदन में उठाऊंगा। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सतीश महाना, दयाशंकर सिंह, संदीप सिंह, गुलाब देवी ने भी विधानसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली।

माले विधायकों ने फाड़े कश्मीर फाइल्स के टिकट

बिहार विधानसभा में जमकर हंगामा, राज्य में बैन करने की मांग, आज विधायकों को दिखाई जाएगी फिल्म

पटना। बिहार विधानसभा में सोमवार को फिल्म द कश्मीर फाइल्स को लेकर हंगामा हुआ। माले विधायक फिल्म को बिहार में बैन करने की मांग को लेकर वेल में पहुंच गए और हंगामा करने लगे। उन्होंने नफरत के टिकट बांटना बंद करो%, विधानसभा का भगवाकरण करना बंद करो% जैसे नारे लगाते हुए टिकट फाड़ दिए। सदन के बाहर भी विधायकों ने विरोध जारी रखा। दरअसल, विधानसभा की ओर से फिल्म देखने के लिए सभी सदस्यों को टिकट दिए गए थे। आज ही विधायकों को पटना के मोना सिनेमा हॉल में फिल्म दिखाई जानी थी। बताया जा रहा है हंगामा तब हुआ जब

कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास ने सदन में स्पीकर के माध्यम से फिल्म देखने के लिए 2 टिकटों की मांग कर दी। उनका कहना था, अपने पति के साथ फिल्म को देखने जाना चाहती हूं। उनकी मांग स्पीकर ने पूरी की और सभी महिला विधायकों को दो-दो टिकट दिए गए।

बिहार में बम ब्लास्ट, 3 बच्चे समेत 7 गंभीर

लखीसराय में बम से खेल रहे थे बच्चे, एक के बाद एक 3 धमाके, 10 मीटर तक कांपी धरती

लखीसराय

बिहार के लखीसराय में बम धमाका हुआ है। इसमें 3 बच्चे समेत 7 लोग जख्मी हो गए। सभी को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि बम से बच्चे खेल रहे थे, तभी पहले एक बम फटा, फिर चंद पल में दो और बम धमाके हुए। वहां मौजूद 7 लोग इसकी चपेट में आ गए। उनकी हालत गंभीर है। इसमें तीन बच्चे, एक लड़की, दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि 10 मीटर दूर ईंट की दीवार भी ढह गई। धरती के कंपन से इलाके में सनसनी फैल गई।

आनन-फानन में सभी को लखीसराय सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक बच्चे (सोनू कुमार) और महिला (सुंदरी देवी) की हालत गंभीर है। पूरा मामला पिपरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत वलिपुर गांव का है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही स्क्कऔर स्ड्ढक्क दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए।

एसपी ने बताया- देसी बम था- SP सुशील कुमार ने बताया कि रस्सी से बांधा गया देसी बम था। जानकारी मिली है कि वलीपुर गांव के शंकर रजक के नव निर्माणाधीन मकान में तीन बम एक झोले में ईंट के नीचे रखे हुए थे। सोमवार करीब सुबह 10 बजे बच्चे खेलते-खेलते वहां पहुंचे और झोले को उठा लिया। बम निकालकर उससे खेलने लगे कि अचानक धमाका हुआ। स्क्कने बताया कि बम या किसने और किस उद्देश्य से रखा, इसी पड़ताल की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ भी चल रही है।

प्रेसिडेंट ने नीरज चोपड़ा को दिया पद्मश्री

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह- II में साल 2022 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान कर रहे हैं। टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को राष्ट्रपति से पद्मश्री मिला है। वहीं, गायिका सुलोचना चव्हाण को भी पद्मश्री दिया गया।

तमिलनाडु की पहली ट्रांसजेंडर बनीं पंचायत सेक्रेटरी

नई दिल्ली। जे. दक्षायनी को तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में पंचायत सचिव के पद पर बहाल किया गया है। उन्होंने 2015 में इस पद को छोड़ दिया था। इसके बाद दक्षायनी ने जेंडर अफिर्मेशन सर्जरी करवाई और सर्टिफिकेट जमा किया। पद पर बहाल करते हुए तिरुवल्लूवर जिला कलेक्टर अल्बी जॉन ने कहा, दक्षायनी इस पद पर पहुंचने वाली राज्य की पहली ट्रांसजेंडर हैं।

एलओसी पर तैनात जवानों को मिली स्नाइपर राइफलें

जम्मू।

दुश्मन से मुकाबला करने के लिए जम्मू-कश्मीर के नियंत्रण रेखा पर तैनात भारतीय सेना पहले से कहीं और ज्यादा मजबूत हो गई है। एलओसी में तैनात सैनिकों को फिनलैंड से मंगाई गई नवीनतम स्नाइपर राइफलें दी गईं हैं। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नवीनतम स्नाइपर राइफल्स को सेना में शामिल किया गया है। वे अब इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। ये साको .338 टीआरजी-42 स्नाइपर राइफलें हैं। सेना के अधिकारी ने कहा कि साको .338 टीआरजी-42 स्नाइपर राइफल्स की बेहतर रेंज मारक क्षमता और टेलीस्कोपिक हैं। उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा पर स्नाइपर्स को नई राइफलों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि यह कदम नियंत्रण रेखा पर परिचालन की गतिशीलता में बदलाव के बीच स्नाइपर्स को और अधिक घातक बनाने के लिए है। साथ ही कहा कि जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ आगे के इलाकों में गश्त कर रहे सैनिकों के लिए स्निपिंग एक बड़ी चुनौती रही है। साको टीआरजी-42 स्नाइपर राइफल एक बोल्ट-एक्शन स्नाइपर राइफल है, जिसे फिनिश बंदूक निर्माता साको द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। राइफल को शक्तिशाली .338 लापुआ मैग्नम आकार के कारतूसों को फायर करने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारी ने कहा कि यह राइफल दुनियाभर में सबसे सटीक और भरोसेमंद हथियारों में से एक माना जाता है।

मेक्सिको में गैंगवार : फंक्शन के दौरान हुई गोलीबारी 19 की मौत, फरवरी में हुए हमले में भी गई थी 17 की जान

मिचोआकन

सेंट्रल मेक्सिको में 19 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना मिचोआकन राज्य के लास तिनाजस में एक फंक्शन के दौरान हुई। गोलीबारी में मरने वालों में से 16 पुरूष और तीन महिलाएं हैं। गोलीबारी में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टेट अटॉर्नी जनरल कार्यालय (स्नत्रश्व) की ओर से बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई। बताया गया कि गोलीबारी रात करीब 10:30 बजे हुई। अभी तक इस गोलीबारी की असल वजह पता नहीं चल पाई है। माना जा रहा है कि गैंगवार को बदले की भावना के चलते अंजाम दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

पिछले महीने भी हुआ था गैंगवार

फरवरी में भी मिचोआकन में एक बड़ा हमला हुआ था, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों का कहना है कि यह हमला दो गैंग्स के बीच चल रहे विवाद की वजह से हुआ था। जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के एक सेल की ओर से दूसरे गैंग पर बदले की भावना से हमला किया गया था।

ड्रग्स तस्करी है इन घटनाओं की वजह

मिचोआकन और गुआनाजुआतो मेक्सिको के 2 सबसे हिंसक राज्य हैं। इन राज्यों में ड्रग्स तस्करी और ईंधन की अवैध बिक्री जैसे काम होते हैं। इन घटनाओं में शामिल गिरोहों के बीच इस तरह के गैंगवार की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

कॉलेज की बाउंड्रीवॉल गिरी, 2 छात्रों की मौत

छतरपुर। छतरपुर में कॉलेज की बाउंड्रीवॉल गिरने से दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मामला लवकुशनगर के एक प्राइवेट कॉलेज का है। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दीवार के मलबे में 50 बाईक भी दब गईं। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर कॉलेज में बीए सेकेंड ईयर के एग्जाम चल रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ।

सीएम नीतीश कुमार का हमलावर मानसिक रोगी का लगा तमगा

परिवार ने कहा- सुसाइड की कोशिश कर चुका; पड़ोसी बोले- पैसों के लिए कुछ भी कर सकता था

नालंदा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुक्का मारने वाले युवक के बारे में कहा जा रहा है कि वह मानसिक रूप से कमजोर है। यह दावा पुलिस और परिजन दोनों ही कर रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का कहना है कि बख्तियारपुर के अबू मोहम्मदपुर मोहल्ले के श्याम सुंदर वर्मा का 32 साल का बेटा शंकर कुमार वर्मा उर्फ छोटू मानसिक रूप से अस्वस्थ है, लेकिन भास्कर की पड़ताल में उसके बारे में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं।पड़ोसियों की मानें तो छोटू का दिमाग एकदम ठीक है, वह अय्याश किस्म का है और कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। यही नहीं, कुछ साल पहले वह दो मंजिला घर की छत से भी कूद चुका है। दावा तो यह भी है कि उसने एक बार फांसी लगाकर आत्महत्या करने की भी कोशिश की थी। पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई है, इस वजह से आरोपी युवक के मानसिक तौर से परेशान रहने की बात से उसके पड़ोसी इत्तेफाक नहीं रखते। पड़ोसियों ने एक सुर में कहा कि शंकर मानसिक रूप से परेशान नहीं है। समाज में यह झूठ फैलाया जा रहा है कि वह पागल था। अगर वह पागल होता तो हम मोहल्ले वालों को जरूर पता होता। वह तो गलत लोगों की संगत में था।

पाकिस्तान में सियासी घमासान : नेशनल असेंबली में इमरान के खिलाफ पेश हुआ अविश्वास प्रस्ताव

31 मार्च तक सदन की कार्यवाही स्थगित

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार के खिलाफ विपक्ष ने नेशनल असेंबली में आज अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही 31 मार्च शाम 4 बजे तक स्थगित कर दी गई है।

सोमवार को मीडिया से बातचीत में गृह मंत्री शेख रशीद ने कहा कि आज सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के बाद 31 मार्च को इस पर मतदान हो सकता है। इससे पहले उन्होंने 4 अप्रैल को वोटिंग होने की बात कही थी। बता दें कि पाकिस्तान में अविश्वास प्रस्ताव आने के 3 दिन बाद और 7 दिन से पहले वोटिंग होती है।

वहीं सूत्रों के मुताबिक, इमरान सरकार का जाना तय है, क्योंकि पाकिस्तानी संसद में उन्हें बहुमत के लिए 172 सांसदों की जरूरत है, लेकिन करीब 39 सांसद उनका साथ छोड़ चुके हैं। कहा ये भी जा रहा है कि सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश होने से पहले ही वे अपने पद से इस्तीफा भी दे सकते हैं। हालांकि, इस पर सस्पेंस बना हुआ है।

अविश्वास प्रस्ताव से पहले एक्टर हुमायूं सईद, अयमान खान, मुनीब बट्ट, हारून शाहिद, अदनान सिद्दिकी और सबा कमर समेत कई पाकिस्तानी सितारे सोशल मीडिया पर इमरान का समर्थन कर रहे हैं।

अविश्वास प्रस्ताव से एक दिन पहले इमरान सरकार को तगड़ा झटका लगा। बलूचिस्तान की जमूरी वतन पार्टी के प्रमुख शाहजैन बुगती ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। न्यूज वेबसाइट ट्रिब्यून के मुताबिक, बुगती इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करेंगे। बुगती बलूचिस्तान में इमरान सरकार के स्पेशल असिस्टेंट के रूप में कार्यरत थे। इमरान सरकार में मंत्री असद उमर ने इमरान खान को सलाह दी है कि वे पाकिस्तान में नए सिरे से चुनाव कराएं, जिससे विपक्ष को ये पता चल सके कि कौन लोग किस के साथ खड़े हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान खान विपक्षी नेताओं के खिलाफ जंग छेड़ रहे थे, जो गलत तरीकों से कमाए गए धन के जरिए पाकिस्तान की राजनीति में शामिल थे।

पीएम इमरान खान ने रविवार को रैली की- इससे पहले रविवार को इमरान खान ने इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान अपना शक्ति प्रदर्शन किया। दावा था कि रैली में 10 लाख से ज्यादा लोग आएंगे, लेकिन 1 लाख लोग भी नहीं जुट पाए। रैली में कई मुद्दों का जिक्र किया गया। इमरान ने इमोशनल कार्ड भी खेला। कहा- जान जाए या हुकूमत। मैं मुजरिमों को माफ नहीं करूंगा। विपक्ष के तीन चूहे मुल्क को लूट रहे हैं।

मध्यान भोजन कर्मी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

सिवनी (नव प्रदेश)।

सँयुक्त ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर देशव्यापी 2 दिवसीय आंदोलन के पहले दिन आज स्थानीय बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष मध्यान्ह भोजन कर्मी यूनियन,स्वसहायता समहू कर्मी यूनियन एटक सिवनी की महिलाओं ने एक दिवसीय धरना दिया और रैली निकाल अपनी मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहीम राष्ट्रपति को भेजा है।सँयुक्त किसान मोर्चा ने सँयुक्त ट्रेड यूनियन की मांगों का आंदोलन में शामिल होकर समर्थन किया है। आंदोलन स्थल में गांव गांव से आई महिलाओं ने जोर दार नारेबाजी की वही आंदोलन के समर्थन में अखिल भारतीय किसान सभा के सयोंजक डी डी वासनिक ,सँयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष पी आर इनवाती,प्रवक्ता राजेश पटेल सहित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के रावेन शाह उइके ने प्रमुख वक्ताओं के रूप में अपनी बात रखी व आंदोलन के समर्थन में पूर्ण सहयोग समर्थन किया है। आज के आंदोलन में प्रमुख रूप से प्रमोद वासुकी, प्रकाश मेश्राम,आनंद हरिनखेडे, उत्तम नागदेवे ,पुष्पा मसकोले, विमला नरेती, शाहीन खान,इंदकुमारी नेवारे,किरण नाग देवे, रामचरण उइके, ज्ञानो झारिया छूठालाल उइके सहित अन्य की प्रमुख भूमिका रही है। मध्यान्ह भोजन कर्मी यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष काम.तीरथ गजभिये ने अपने उद्बबोधन में बताया कि जिले सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश में जिला मुख्यालय से दूर कइयों मध्यान्ह भोजन कर्मियों को कोरोना काल के समय से वेतन नहीं दिया गया है। जिसे लैप्स कर ये अधिकारी डकारने की जुगत में है। सिवनी जिला के परियोजना अधिकारी श्री पचौरी व मध्यान भोजन प्रभारी मैडम चौधरी अपनी जिम्मेदारी से कार्य नहीं कर रहे है। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में आंगनवाड़ी केंद्रों की रसोइयों को 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 2000 रुपये आंगनवाड़ी केंद्रों में भोजन उपलब्ध करवाए जाने वाले समूहों को बढ़ती महंगाई के मद्देनजर 30 रुपये प्रति बच्चे की दर से राशि बढाई जाए। वही मिडिल स्कूल में 7 रुपये से बढ़ाकर 22/-रुपये व प्राथमिक शाला में 4 रुपये से बढ़ाकर 20/-रुपये प्रति बच्चे की दर से दिए जाने जैसी 13 सूत्रीय मांगें अपने ज्ञापन में क़ी है। आंदोलनकारियों की ओर से 29 मार्च को भी मजबूती के साथ उपस्थिति होने की अपील की है।

न्यूज अपडेट

स्वरोजगार दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम अब 30 मार्च को

सिवनी (नव प्रदेश)। महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में प्रतिमाह स्वरोजगार / रोजगार दिवस का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी के तारतम्य में दिनांक 31 मार्च 2022 को प्रात- 11.00 बजे स्मृति लॉन बारापत्थर, सिवनी में एक दिवसीय रोजगार दिवस का आयोजन किये जाने हेतु प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। अब वह कार्यक्रम को आंशिक संशोधन किया जाकर दिनांक 30 मार्च 2022 को प्रात- 11.00 बजे स्मृति लॉन बारापत्थर, सिवनी किया जा जावेगा। जिसमें विभागों द्वारा संचालित हितग्ग्रही मूलक योजनाओं के स्वीकृत एवं वितरित प्रकरणों के चेक/ स्वीकृति पत्र वितरित किये जावेगें एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिये हितग्राही मूलक विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के स्टॉल लगाये जायेगें। जिससे अधिक से अधिक शिक्षित बेरोजगार युवक / युवतियों लाभान्वित हो सकें।

साँगई स्कूल मे विदाई समारोह आयोजित

गाडरवारा नवप्रदेश। गत दिवस समीपी ग्राम साँगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विदाई समारोह आयोजित कर 8 वी के छात्र छात्राओं को 6 वी एवं 7 वी के छात्र छात्राओं ने विदाई दी। शिक्षको एवं छात्र छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती पूजन से शुरू हुए कार्यक्रम में 6 वी की छात्रा छवि केवट को नवोदय विद्यालय बोहानी में चयनित होने पर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में 8 वी के छात्र छात्राओं ने शाला स्टाफ को माँ सरस्वती एवं महात्मा गांधी के चित्र भेंट किए। कार्यक्रम को प्रधानपाठक धनराज सिंह धानक, बगदरा के माध्यमिक शिक्षक राजेन्द्र गुप्ता, प्राथमिक शिक्षक देवेंद्र ढाकुर ने संबोधित करते हुए आठवी के छात्र छात्राओं को परीक्षा में सफल होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल एवं अंत मे आभार प्रदर्शन दशरथ प्रसाद जाटव ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक श्यामस्वरूप खरे,राजेश सिंह कौरव, सुरेश चौहान, विवेक नाईक , पुरुषोत्तम मेहरा, लता कहार एवं देवेंद्र ढाकुर सहित छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

प्रियंका अग्रवाल राज्य स्तर पर करेंगी संभाग का प्रतिनिधित्व

गाडरवारा नवप्रदेश। साईंखेड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम टिमरावन की एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला की नवाचारी प्राथमिक शिक्षिका एवं गाडरवारा निवासी श्रीमती प्रियंका अग्रवाल राज्य स्तरीय टीएलएम मेले में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। विदित हो कि विगत दिवस जबलपुर के प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय टीएलएम मेले में श्रीमती प्रियंका अग्रवाल ने नरसिंहपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए हिंदी विषय मे प्राथमिक स्तर पर व्याकरण कैलेंडर से संबंधित टीएलएम का प्रदर्शन एवं प्रस्तुतिकरण कर संभाग स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर डीईओ श्रीमती जे एस विल्सन, डीपीसी एस के कोष्ठी, बीईओ प्रतापनारायण , संकुल प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल, बीआरसी गिरीश पटैल , बीएसी संदीप स्थापक, योगेंद्र झारिया, मनीराम मेहरा जनशिक्षक नेपाल झारिया सहित अनेक शिक्षको ने शुभकामनाएं दी है।

विकासखण्ड स्तर पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन 28 मार्च को

गाडरवारा नवप्रदेश। क्षेत्र के जनपद शिक्षा केन्द्र साईंखेड़ा एवं चीचली में 28 मार्च दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से शासकीय माध्यमिक शालाओं के छात्र छात्राओं हेतू प्रश्नमंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जनशिक्षा केंद्र स्तर पर चयनित छात्र छात्राएँ सहभागिता करेंगे।

पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग

नरसिंहपुर नवप्रदेश । समस्त कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने रविवार को सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के नियमानुसार पुरानी पेंशन बहाल करने के जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 1 जनवरी 2005 से बंद मध्यप्रदेश के समस्त पुरानी पेंशन विहीन अधिकारियों कर्मचारियों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के अनुसार जस की तस पुरानी पेंशन की बहाली की जाए । साथ ही नवीन शैक्षणिक संवर्ग में पेंशन ग्रेच्युटी कमोन्नति व अन्य लाभ के लिए वरिष्ठता प्रथम नियुक्ति दिनांक से मान्य की जाए।

विकासखंड स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता संपन्न

गाडरवारा।नवप्रदेश

गत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों की विकासखंड स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड अंतर्गत आठ जन शिक्षा केंद्रों के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। प्रतियोगिता आयोजन के प्रथम राउंड में छात्र-छात्राओं द्वारा 40 वैकल्पिक प्रश्नों को हल किया गया। इसके बाद द्वितीय राउंड में जोड़ी बनाकर पास राउंड के अंतर्गत प्रत्येक टीम से दो-दो प्रश्न पूछे गए।प्रतियोगिता के तृतीय राउंड में चित्र दिखाकर तथा ऑडियो सुना कर दो-दो मिनट का समय देकर प्रत्येक टीम से दो-दो प्रश्न पूछे गए। चतुर्थ राउंड में रैपिड फायर के अंतर्गत प्रत्येक टीम से पाँच-पाँच प्रश्न पूछे गए। इसमें प्रत्येक सही प्रश्न पर पाँच अंक तथा गलत प्रश्न पर दो अंक काटे जाने का प्रावधान रहा। प्रतियोगिता के प्रथम राउंड का पर्यवेक्षण कार्य उमेश मेहरा एवम रामेश्वर कौरव तथा उत्तर सीट का मूल्यांकन सत्यम ताम्रकार एवम अजय नामदेव द्वारा किया गया। द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ राउंड का संचालन बुलंद कुशवाहा, संजय सोनी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अंक गणना तथा विश्लेषण का कार्य बीएसी अरुण दुबे एवं सत्यम ताम्रकार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम टीम में केशव रजक ग्राम (बटेसरा) एवम प्रियंका गौंड ग्राम (गाँगई) तथा द्वितीय टीम के रूप में अमित वर्मा ग्राम (पचामा) एवम गोविंद दीक्षित ग्राम (मालहनवाड़ा) ने स्थान प्राप्त किया। समस्त चयनित एवं सहभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। विकासखण्ड स्तर पर चयनित छात्र 25 अप्रैल को जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देंगे। प्रतियोगिता के समापन में बीआरसी डी के पटैल ने उपस्थित छात्र छात्राओं को विद्यालय स्तर की प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेकर सक्रिय सहभागिता देने की बात कही। उक्त प्रतियोगिता के संचालन में अरुण दुबे बीएसी, अजय नामदेव, सत्यम ताम्रकार, बुलंद सिंह कुशवाहा, संजय सोनी, अनूप पालीवाल, नेतराम कौरव, हरिओम स्थापक, उमेश मेहरा, रामेश्वरम दयाल कौरव, नरेश राय, कैलाश कहार इत्यादि का सहयोग प्राप्त हुआ। विदित हो कि उक्त प्रतियोगिता राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के निर्देशन में संपन्न हुई।

रमसा के एडीपीसी ने किया निरीक्षण

गाडरवारा।नवप्रदेश

गत दिवस राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के एडीपीसी जी एस पटेल ने स्थानीय शासकीय आदर्श उच्च माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा ग्यारहवीं की परीक्षा का अवलोकन करते हुए पर्यवेक्षकों को जरूरी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने 9 वी एवं 11 वीं के मूल्यांकन का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया । उन्होंने स्कूल में चल रहे निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन कर ठेकेदार को काम शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के समय श्री पटेल ने रोटरी क्लब ,स्टाफ एवं जन सहयोग से साज सज्जा युक्त पुस्तकालय सह स्मार्ट हाल का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की एवं इस कार्य हेतु प्राचार्य के के वर्मा एवम समस्त स्टाफ को बधाई दी। निरीक्षण के समय प्राचार्य के के वर्मा, सुशील शर्मा, राजेश गुप्ता, आर पी महिलांग, कमलेश गुप्ता, कल्पना कौरव, सुलेखा पुरी आदि मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन को कर्मचारियों ने बताया अपना अधिकार

सिवनी (नव प्रदेश)।

जिले की आठों विकासखंड के सभी विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों ने रविवार को जिला मुख्यालय में संयुक्त मोर्चा मप्र के बैनर तले प्रदर्शन किया। सभी विभागों के कर्मचारियों ने धरना दिया और रैली निकालकर नारेबाजी की है।रैली बड़े मिशन स्कूल, शुक्रवारी चौक, नेहरू रोड, नगर पालिका चौक बस स्टैंड, दल सागर होती हुई कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची।बाद में मुख्यमंत्री के नाम पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। पुरानी पेंशन बहाली अभियान के अंतर्गत पूरे देश मे पुरानी पेंशन की मांग एक मुद्दा बनता जा रहा है।इसके लिए कर्मचारियों ने भी कमर कस ली है और आंदोलन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में महासचिव गजेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि, सरकार ने 2004 के बाद के कर्मचारियों की पेंशन बंद करके न्यू पेंशन लागू की गई हैं।इसमें की नाम मात्र की पेंशन मिलती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नेतृत्व में पूरे देश और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लड़ी जा रही पुरानी पेंशन की लड़ाई निर्णायिक मोड़ पर आ गई है।रविवार को सिवनी जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष कपिल सनोडिया़ के नेतृत्व में हजारों की संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने एकत्र होकर धरना दिया और शहर के प्रमुख मार्गो से रैली निकाल कर प्रदर्शन किया।

सर्व ब्राह्मण सभा नरसिंहपुर ने तुलसी मानस भवन में आयोजित किया होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह

नवप्रदेश नरसिंहपुर ।अत्यंत हर्ष का विषय है कि सर्व ब्राह्मण सभा जिला नरसिंहपुर द्वारा नरसिंहपुर के तुलसी मानस भवन सदर मढ़िया में होली मिलन समारोह एवं युवा प्रकोष्ठ कि नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का किया गया विशेष आयोजन जिसमें मुख्य अतिथि ब्राह्मण सभा के संरक्षक माननीय विधायक संजय शर्मा जी एवं ब्राह्मण सभा के सदैव मार्गदर्शक आदरणीय मैथलीशरण तिवारी जी एवं ब्राह्मण सभा के संरक्षक गोटेगांव जनपद पंचायत के यशस्वी अध्यक्ष आदरणीय संतोष दुबे जी के द्वारा भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण अर्जित कर भगवान श्री परशुराम जी के चरणों में प्रणाम कर आशीर्वाद लिया एवं इसके बाद युवा ब्राह्मण सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देकर बधाई प्रेषित की जिसमें आदरणीय इंजीनियर रूद्रेश तिवारी जी एवं एब सर्व ब्राह्मण सभा के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष श्री नारायण प्रसाद दुबे जी एवं जिला कौषाध्यक्ष पंडित देवेंद्र पाठक जी एवं युवा जिला अध्यक्ष दीपेश कटारे जी एवं युवा जिला उपाध्यक्ष पंडित प्रशांत दुबे जी पंडित श्याम कृष्ण चौबे, पंडित अंकित महाराज जी एवं हर्षित जी महाराज उपस्थित रहे एवं सर्व ब्राह्मण सभा के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त विप्र बंधु उपस्थित रहे

विकासखंड स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता संपन्न

गाडरवारा।नवप्रदेश

गत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों की विकासखंड स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड अंतर्गत आठ जन शिक्षा केंद्रों के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। प्रतियोगिता आयोजन के प्रथम राउंड में छात्र-छात्राओं द्वारा 40 वैकल्पिक प्रश्नों को हल किया गया। इसके बाद द्वितीय राउंड में जोड़ी बनाकर पास राउंड के अंतर्गत प्रत्येक टीम से दो-दो प्रश्न पूछे गए।प्रतियोगिता के तृतीय राउंड में चित्र दिखाकर तथा ऑडियो सुना कर दो-दो मिनट का समय देकर प्रत्येक टीम से दो-दो प्रश्न पूछे गए। चतुर्थ राउंड में रैपिड फायर के अंतर्गत प्रत्येक टीम से पाँच-पाँच प्रश्न पूछे गए। इसमें प्रत्येक सही प्रश्न पर पाँच अंक तथा गलत प्रश्न पर दो अंक काटे जाने का प्रावधान रहा। प्रतियोगिता के प्रथम राउंड का पर्यवेक्षण कार्य उमेश मेहरा एवम रामेश्वर कौरव तथा उत्तर सीट का मूल्यांकन सत्यम ताम्रकार एवम अजय नामदेव द्वारा किया गया। द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ राउंड का संचालन बुलंद कुशवाहा, संजय सोनी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अंक गणना तथा विश्लेषण का कार्य बीएसी अरुण दुबे एवं सत्यम ताम्रकार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम टीम में केशव रजक ग्राम (बटेसरा) एवम प्रियंका गौंड ग्राम (गाँगई) तथा द्वितीय टीम के रूप में अमित वर्मा ग्राम (पचामा) एवम गोविंद दीक्षित ग्राम (मालहनवाड़ा) ने स्थान प्राप्त किया। समस्त चयनित एवं सहभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। विकासखण्ड स्तर पर चयनित छात्र 25 अप्रैल को जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देंगे। प्रतियोगिता के समापन में बीआरसी डी के पटैल ने उपस्थित छात्र छात्राओं को विद्यालय स्तर की प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेकर सक्रिय सहभागिता देने की बात कही। उक्त प्रतियोगिता के संचालन में अरुण दुबे बीएसी, अजय नामदेव, सत्यम ताम्रकार, बुलंद सिंह कुशवाहा, संजय सोनी, अनूप पालीवाल, नेतराम कौरव, हरिओम स्थापक, उमेश मेहरा, रामेश्वरम दयाल कौरव, नरेश राय, कैलाश कहार इत्यादि का सहयोग प्राप्त हुआ। विदित हो कि उक्त प्रतियोगिता राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के निर्देशन में संपन्न हुई।

252 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण, 28 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रवानगी

जिला युवा कलचुरी समाज ने सर्वसमाज के उत्थान में किया सराहनीय कार्य

गाडरवारा।नवप्रदेश

जिला युवा कलचुरी समाज के जिलाध्यक्ष आशीष राय के नेतृत्व में श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति के सहयोग से दादा वीरेंद्र पुरी जी नेत्र संस्थान देवजी नेत्रालय के उपक्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन स्थानीय दीनदयाल सभागृह में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कलचुरी समाज के जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे,वरिष्ठ चिकिसक डॉ डी एस चौधरी,जिला उपाध्यक्ष सुभाष राय,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनीता जायसवाल,जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल,नगर अध्यक्ष नरेंद्र राय,महिला अध्यक्ष संगीता जायसवाल,साईं श्रद्धा सेवा समिति अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया की उपस्तिथि में भगवान सहस्त्रबाहु एवं साईं बाबा जी के तैलचित्र की पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला युवा कलचुरी समाज के जिलाध्यक्ष आशीष राय ने अतिथि स्वागत उद्बोदन में कहा कि समाज के वरिष्ठों के मार्गदर्शन में युवा इकाई सर्वसमाज हित में नित नये आयामों पर कार्य करती आ रही है। समाज भांतियो को दूर कर आज का युवा नवभारत एवं स्वर्णिम भारत का निमार्ण कर रहा है और हमें गर्व है की हम सब भी इसमें अपनी आहूति प्रदान कर रहे है। मुख्यातिथि कलचुरी समाज के जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे ने नेत्र के महत्व को प्रदर्शित करते हुए युवा इकाई के कार्यो की भूरी भूरी प्रसंशा की साथ ही उपचाररत मरीजों के उज्जबल भविष्य की कामना की। तद्पश्चात अतिथियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत कर जिलाध्यक्ष आशीष राय के नेतृत्व में युवा इकाई के कार्यो की सराहना करते हुए शुभकामनाये प्रेषित की। मंच का संचालन नगरमंत्री रुपेश राय एवं आभार व्यक्त जिला कार्यालय प्रभारी जयशंकर चौकसे ने किया। निःशुल्क स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर में 252 मरीजों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाईया एवं आई ड्राप दिए गया। साथ ही 28 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु देवजी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ डी एस चौधरी,डॉ लिलेश चंदेया,डॉ कृष्णगोपाल राय,डॉ कमलेश सोनी,नेत्र सहायक यू एस पटैल,प्रवीण चौकसे,जयसिंह पटेल,आशीष कौरव,अभिषेक गढ़वाल,अबरार खान,राधवेंद्र पटेल,आदर्श ताम्रकार,राहुल कौरव,कुमारी मुस्कान विश्वकर्मा,संगीता कौरव,रिंकी लोधी,सुरभि विश्वकर्मा का विशेष सहयोग के लिए साईं चुनरी एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। पूरे आयोजन में अनुविभगीय राजस्व अधिकारी सृष्टि जयंत देशमुख,मुख्यनगर पालिका अधिकारी एस के गड़वाल,चिकित्सा प्रभारी डॉ राकेश बोहरे,सोनू बरैहया,प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र,जीएम मेडिकल,जगदम्बा मेडिकल स्टोर्स,विजय प्रिंटर्स,साई आशीष चिल्ड वाटर सहित साई श्रद्धा सेवा समिति से सचिव बबलू कहार,कोषाध्यक्ष साकिर खान,देवेंद्र चौहान,भरत कुर्मी,ललित सावनेर,बाल इकाई से अमित कोरी,अमीन खान,आर्यन राय,फरमान खान,आर्यन दुबे,मोहित सोनी,सहित सभी समिति सदस्यों क विशेष सहयोग रहा।

रेल इंडिया के काम में लापरवाही बरत रहा झांझरिया

सुरक्षा के कोई इंतजाम दिखाई नहीं पड़ता है जिनके पीछे एक इंचार्ज होना चाहिए इंजीनियर होना चाहिए इनकी यह जिम्मेदारी होती है

अखिलेश सिंह/ शहडोल नवप्रदेश

इण्डियन रेलवे के एसईसीआर मण्डल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों में तीसरी लाइन का कार्य का काम झांझरिया एंड ग्रुप को स्वीकृत किया गया जिसमें झाझरिया ग्रुप पूरे रेल मार्ग को तीसरी लाइन का काम देख रहा है उसमें लगे हुए मजदूरों के पास सुरक्षा के कोई इंतजाम दिखाई नहीं पड़ता है जिनके पीछे एक इंचार्ज होना चाहिए इंजीनियर होना चाहिए इनकी यह जिम्मेदारी होती है की कार्य को सेफ्टी के साथ और नियम का पालन करते हुए कार्य करवाये लेकिन रेलवे स्टेशन में रेल पटरी के तिहरी करण के काम में भारी लापरवाही देखने को मिल रही है जहां एक और कंपनी के जीएम वर्करों को दिखावे के लिए सेफ्टी बरतने का आश्वासन देते हैं तो वहीं दूसरी ओर मनमानी काम करवाने पर भी उतारू है वर्करों के पास नाही हेलमेट है नाही सेफ्टी शू है नाही सेफ्टी बेल्ट है जो कि काम करते हुए वर्करों में दिखाई नहीं देता है पूरा काम भगवान भरोसे धड़ल्ले से चलाया जा रहा है इतने बड़े स्तर का कार्य होते हुए भी कंपनी रोड पर नाही पानी का छिड़काव करती है और ना ही भारी भरकम मशीनों के आवाजाही में कोई इंतजाम करती है साथ ही मजदूरों को ट्रकों में मवेशियों की तरह भरकर लाया और छोड़ा जाता है जो कि नियम विरुद्ध दिखाई जान पड़ता है साथ में रेलवे लाइन के बगल में खड़े खंभों में तार जोड़ने का काम भी मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के खंभे पर चढ़कर करते दिखाए देना आम बात हो चुकी है विदित हो कि पहले भी ऐसे कार्य होते रहे हैं लेकिन रेलवे मंत्रालय के सख्त निर्देश के अनुसार ही काम हुए हैं और ठेकेदारों ने उसका पालन भी बराबर किया जाता रहा है लेकिन इतनी लापरवाही दिखाई नही व्रती जाती थी इससे यह पता चलता है की रेलवे के अधिकारियों का भी मौन स्वीकृति प्रदान की हुई है तभी तो कंपनी के जीएम इतने आराम से कार्य को सम्पन्न करा रहे हैं उनकी हरेक साइड में बिना सेफ्टी और बिना सुरक्षा अधिकारियों के कार्य मनमानी तरीके से संचालित किए जा रहे जिससे मजदूरों का शोषण तो हो ही रहा है और उनकी जान का भी खतरा बना रहता है और जिम्मेददार अधिकारी गांधारी की तरह आंख मूंद कर कुम्भकर्ण की नींद सो रहा है।

न्यूज अपडेट

खाद्य मंत्री श्री सिंह का 29 मार्च को अनूपपुर आगमन

पीएम आवास योजना ग्रामीण के फुनगा में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

अनूपपुर नवप्रदेश। मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह 28 मार्च 2022 को रात्रि 21:50 बजे भोपाल से नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर 29 मार्च 2022 को प्रात: 10 बजे अनूपपुर पहुंचंगे। तत्पश?चात प्रात: 11:30 बजे खाद्य मंत्री श्री सिंह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जिला स्तरीय आयोजन फुनगा में सम्मिलित होंगे।

संयुक्त मोर्चा का दो दिवसीय हड़ताल 28 एवं 29 मार्च को

अमलाई नवप्रदेश।भारत सरकार की मजदूर विरोधी नीति उद्योग विरोधी नीति कोयला उद्योग की बिक्री श्रम कानूनों में मजदूर विरोधी परिवर्तन जेबीसीसीआई 11 समझौता लागू नहीं करनी कोयला खदानों को बंद करने एवं मजदूरों की तबाही इत्यादि के खिलाफ केंद्रीय श्रम संघों के आवाहन पर आगामी 28 एवं 29 मार्च को दो दिवसी हड़ताल किया जाएगाद्य कोयला श्रमिक संघ सीटू के एरिया अध्यक्ष शंकरराव बरगद ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए सुहागपुर क्षेत्र के समस्त कोयला खदानों में गेट मीटिंग की जा रही है और हड़ताल को सफल बनाने के लिए मजदूर भाइयों से आवाहन भी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने किसानों मजदूरों के ऊपर जुर्म उठा रहे हैं जिसकी जानकारी हम सभी को है सार्वजनिक क्षेत्र को बेचने के क्रम में रेल भेल बीमा कंपनी हवाई जहाज सेल बेचकर अब कोयला उद्योग बेचने की बारी है किसानों ने एकता एवं आंदोलन के दम पर तीन कृषि कानून वापस करने हेतु केंद्र सरकार को विवश कर दिया केंद्र सरकार को थूक कर चाटना पड़ा अंग्रेजों ने भी लेबर ट्रिब्यूट एक्ट लाया था जिसका मजदूरों ने विरोध कर अंग्रेजों को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया था कोयला उद्योग में जेबीसीसीआई की वार्ता चल रही है 3 बैठकें हो चुकी है अप्रैल में चौथी बैठक होनी है इतिहास गवाह है कि जितनी बड़ी हड़ताल हुई है उतना ही अच्छा वेतन समझौता होता है इसलिए हड़ताल में शामिल पांच यूनियन के अलावा भी सभी यूनियनों एसोसिएशन आदि से भी अपील की जाती है कि इस हड़ताल को समर्थन कर मजदूर हित में कदम उठाएंद्य एरिया के अध्यक्ष शंकरराव बरगढ़ एवं महामंत्री विनोद राय ने बताया कि जिन राष्ट्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल किया जाएगा उसमें किसी भी रूप में निजीकरण करना बंद हो और नेशनल एसएक्स मोनेटाइजेशन पाइपलाइन को समाप्त करो मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड रद्द करो रक्षा सेवा अधिनियम समाप्त करो केंद्रीय कर्मियों की नई पेंशन योजना रद्द करो और पुरानी पेंशन योजना कब से लागू करो कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा की बाकी 6 सूत्री मांगों को स्वीकार करो जो परिवार आयकर के दायरे में नहीं आते उन्हें 7500 रुपए की खाद्य और आय सहायता दो महंगाई पर रोक लगाओ पेट्रोल और डीजल पर केंद्रित टैक्स काम करके उनकी कीमत घटाओ आंगनवाड़ी आशा कर्मियों मध्यान भोजन और अन्य के लिए वैधानिक न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए बड़े पूंजीपतियों कारपोरेट और अमीरों पर ज्यादा टैक्स लगाया जाए राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा एसईसीएल के मुद्दे एवं स्थानीय मुद्दों के लिए भी हड़ताल किया जा रहा है

प्रधानमंत्री आवास योजना से आरती सिंह के पक्के मकान का सपना हुआ साकार

अनूपपुरनवप्रदेश। प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना पक्का मकान हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ आराम से रह सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब वर्ग का स्वयं का पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा निवासी आरती सिंह भी उन हितग्राहियों में शामिल हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिला है। आरती के सपनों का घर बनकर तैयार भी हो गया है। आरती सिंह के परिवार में उनके पति श्री मोहन सिंह तथा 3 पुत्र हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले अपने पक्के घर में रह रही आरती सिंह बीते दिनों की परेशानियों को याद करते हुए बताती हैं कि बारिश के मौसम में कच्चे घर की छत से पानी लगातार अंदर आता था। ऐसे में घर का सामान एक जगह से दूसरी जगह और वहां भी पानी टपकता तो फिर तीसरी जगह रखना पड़ता था। तब गांव के अन्य पक्के घरों को देखकर लगता था कि काश हमारा भी पक्का घर होता तो हमें भी इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। हम भी औरों की तरह परिवार के साथ बारिश, ठण्ड, गर्मी में आराम से रह सकते। आरती सिंह ने बताया कि मेरे पति की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि हमारा पक्का घर बन पाता। पक्का घर हमारे लिए सिर्फ सपना ही था। लेकिन हमारे इस सपने को साकार किया प्रधानमंत्री आवास योजना ने। इस योजना ने हमारे जीवन में भी अपार खुशियां दी है। अब हमारा खुद का पक्का घर बन गया, बहुत अच्छा लग रहा है। आरती सिंह ने उनके पक्के मकान के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी को धन्यवाद दिया है।

फर्जी तरीके से भुगतान करा रहा वर्ग 3 का कर्मचारी

अखिलेश सिंह/शहडोल नवप्रदेश

सम्भाग के अंतर्गत अमरकंटक ताप विद्युत गृह केंद्र चचाई में कई वर्षों से मंडल को प्रतिमाह लाखों का चूना लगाने वाला वर्ग 3 का कर्मचारी आज भी कार्यवाही से वंचित है जिस पर अगर देखा जाए तो विप्र एक्सप्रेस के जिला प्रमुख ज्ञानेंद्र पांडेय के द्वारा आरटीआई के तहत जानकारी निकाली गई आरटीआई से मिले जवाब को जब देखा गया तो उससे यही स्पष्ट होता है कि वर्ग 3 के कर्मचारी के द्वारा प्रतिमा शासन को चूना लगाने का कार्य किया जा रहा था जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मुक सहमति दे रखी थी जिससे वर्ग 3 के कर्मचारी के द्वारा चल रहे चार पहिया वाहन का भुगतान भी फर्जी तरीके से कराया जा रहा था महीने में 5000 किलोमीटर का लॉग बुक भरकर ठेकेदार को आर्थिक लाभ दिलाने का प्रयास भी इनके द्वारा किया जाता रहा है आरटीआई में मिले जवाब में देखा गया कि वर्ग 3 के कर्मचारी के द्वारा प्रतिदिन 175 किलोमीटर लॉग बुक में दर्शाया गया है जबकि नियमतः लॉग बुक भरने का पावर अधिकारी अथवा गाड़ी का उपयोग करने वाले कर्मचारी के द्वारा ही भरा जाएगा इन सारे नियमों को ठेंगा दिखाते हुए वर्ग तीन के कर्मचारी ने ठेकेदार को आर्थिक का लाभ दिलाने के लिए इस पर भी फर्जीवाड़ा करने से कहीं चुके नहीं

आवेदन के बाद भी नहीं हो रही जांच प्रक्रिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक्सप्रेस के जिला प्रमुख ज्ञानेंद्र पांडेय के द्वारा आरटीआई से जानकारी निकाली गई जिसके तथ्य के आधार पर वर्ग 3 के कर्मचारी के द्वारा प्रतिमाह शासन को बड़े पैमाने में चूना लगाया जा रहा था जिस पर पत्र बनाकर जांच करने के लिए निवेदन किया गया और पत्र विभागीय अधिकारियों को भी दिया गया पत्र मिलने के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी जांच प्रक्रिया को पूरी ना करते हुए वर्ग 3 के कर्मचारी को मूक सहमति दे रहे हैं वर्ग 3 के कर्मचारी के हौसले बुलंद होते दिख रहे हैं देखा जाए तो मंडल को लाखों का नुकसान पहुंचाने वाले कर्मचारी पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही ना करने पर इनके भी मिले होने की आशंका जताई जा सकती है जिस कारण वर्ग 3 का कर्मचारी भ्रष्टाचार करने से भी चूक नहीं रहा है

37 जिलों के लिए अंबिकापुर जबलपुर एक्सप्रेस बंद

अंबिकापुर नवप्रदेश

सरगुजा संभाग के लोगों को अगले 37 दिनों तक अंबिकापुर-अनूपपुर रेलखंड में सफर करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रेल सुविधा के लिए उपेक्षित सरगुजा अंचल को मध्य प्रदेश से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन जबलपुर अंबिकापुर को अगले एक महीने तक के लिए रद्द कर दिया गया है। इस ट्रेन को बंद करने के पीछे कोई भी कारण नहीं बताया जा रहा है। गर्मी का सीजन शुरू होने के बाद इन दिनों इस ट्रेन में काफी भीड़ शुरू हो गई थी। विवाह समारोह, अवकाश पर आने जाने वाले लोगों के अलावा परीक्षा देने वाले छात्र भी इसी ट्रेन में अनूपपुर से शहडोल, कटनी, जबलपुर तक की यात्रा आराम से कर रहे थे। अचानक इस ट्रेन के रद्द हो जाने से सभी यात्री मुसीबत में पड़ गए हैं। सोमवार की सुबह अंबिकापुर से यह ट्रेन रवाना हुई लेकिन मंगलवार से यह ट्रेन चार मई तक रद्द रहेगी। जबलपुर से आज दोपहर इस ट्रेन को कैंसिल कर दिया गया। अब तीन मई तक जबलपुर से अंबिकापुर ट्रेन की सुविधा लोगों को नहीं मिलेगी। बता दें कि दो साल पहले कोरोना काल के दौरान अंबिकापुर में चलने वाली कई ट्रेनों का परिचालन बंद था। संक्रमण थमने के करीब आठ महीने बाद अंबिकापुर दुर्ग ट्रेन का संचालन शुरू हुआ और इसके एक से डेढ़ महीने के बाद अंबिकापुर जबलपुर ट्रेन को शुरू किया गया, जबकि अंबिकापुर से शहडोल जाने वाली और अंबिकापुर मनेंद्रगढ़ से अनूपपुर जाने वाली ट्रेन का परिचालन आज तक शुरू नहीं हो पाया है। चूंकि अंबिकापुर जबलपुर ट्रेन एक्सप्रेस थी और इस ट्रेन का कनेक्शन बाकी दूसरे कई ट्रेनों से होता था इस कारण से इसमें यात्रियों की काफी भीड़ रहती थी।

कोरोना संक्रमण के बाद इस ट्रेन में सामान्य टिकट देना भी बंद कर दिया गया था हालांकि एक अप्रैल से इसे शुरू किया जाना था लेकिन इस बीच इस ट्रेन को ही बंद कर दिया गया है। ट्रेन बंद करने के पीछे का कारण रेलवे के अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। उनका कहना है कि अचानक देर रात यह आदेश आया है कि अंबिकापुर से जाने वाली जबलपुर ट्रेन मंगलवार से बंद रहेगी और अगले एक महीने तक ट्रेन का परिचालन नहीं होगा।

स्टेशन में सूचना चस्पा, टिकट होने लगे कैंसिल

अंबिकापुर से अनूपपुर होते हुए कटनी और जबलपुर तक रोज सैकड़ों यात्री इसी ट्रेन में सफर करते हैं। इस ट्रेन से आगे जाने के लिए कनेक्टिंग ट्रेन भी मिल जाती है। एक्सप्रेस होने के कारण यह समय पर पहुंच जाती है। इसके कारण लोग इस ट्रेन को ज्यादा भीड़भाड़ रहती है। अब अचानक से जब यह ट्रेन बंद करने की घोषणा हुई तो यात्रियों में परेशानी बढ़ गई है। सोमवार सुबह अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन के अगले एक महीने तक रद्द होने की सूचना चस्पा कर दी गई। इधर ट्रेन के एक माह तक नहीं चलने की जानकारी मिलने के बाद यात्री टिकट कैंसिल कराने लगे हैं।

अब अनूपपुर-कटनी मार्ग के लिए कोई ट्रेन नहीं

अंबिकापुर से अनूपपुर कटनी मार्ग में जबलपुर ट्रेन को छोड़ कोई दूसरी रेल सेवा नहीं है। अब सरगुजा संभाग के अलावा मध्य प्रदेश के बिजुरी, कोतमा, अनूपपुर के यात्रियों को कटनी जबलपुर जाने के लिए भारी मुसीबत उठानी होगी। खासकर सरगुजा अंचल के यात्रियों को तो अपने निजी वाहन, टैक्सी या बस के सफर का सहारा लेना पड़ेगा।

किसी काम की नहीं मेमू, शहडोल ट्रेन भी बंद

अंबिकापुर से शाम को चलने वाली अनूपपुर मेमू ट्रेन लगातार विलंब से चलने के कारण यह लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं है। शाम छह बजे अंबिकापुर से रवाना होने वाली यह ट्रेन कई बार देर से छूटती है इस कारण अनूपपुर से मिलने वाली दूसरी ट्रेन छूट जाती है। पहले इस ट्रेन को शहडोल तक चलाया भी जाता था लेकिन कोरोना काल के बाद इसे अनूपपुर तक ही भेजा जा रहा है। इधर अंबिकापुर से सुबह शहडोल जाने वाली पैसेंजर ट्रेन तो दो साल बाद भी नहीं शुरू हुई। इस ट्रेन को कोरोना काल में बंद किया गया था। दुर्ग अंबिकापुर की रैक को ही शहडोल तक भेजा जाता है। दिन भर यह ट्रेन अंबिकापुर स्टेशन में खड़ी रहती है लेकिन इसे शहडोल तक नहीं चलाया जा रहा है।

8 हजार 998 आवास हितग्राही उत्सवी माहौल में करेंगे गृह प्रवेश

जिला व जनपद जैतहरी स्तरीय आयोजन फुनगा में होगा आयोजित

अनूपपुर नवप्रदेश

हर जरूरतमंद का अपना पक्का मकान हो। इस मंषा को पूरा करने के लिए भारत सरकार व मध्यप्रदेश सरकार सतत कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से जिले के हितग्राहियों को लाभान्वित करने 29 मार्च को गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में हितग्राहियों के आवासों का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराने का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हर्षल पंचोली स्वयं मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण कर हितग्राहियों के आवासों में पहुँचकर आवासों की गुणवत्ता को परखते हुए हितग्राहियों को प्रेरित करते हैं। जिले में 8 हजार 998 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत हितग्राहियों के आवास का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका गृह प्रवेष 29 मार्च को उत्सव के रूप में आयोजित कर किया जायेगा। गृह प्रवेष को लेकर जिले में तैयारी जारी है। गृह प्रवेश के दौरान पारम्परिक उत्सव मनाया जायेगा। हितग्राही फूलों से तोरण द्वार बनायेंगे व रंगोली सजाते हुए दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे और हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराएंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हर्षल पंचोली ने बताया है कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत तैयार 8 हजार 998 आवासों सबसे अधिक 3 हजार 535 हितग्राहियों को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में गृह प्रवेश कराया जायेगा। वहीं जनपद पंचायत जैतहरी में 2 हजार 842, जनपद पंचायत अनूपपुर में 1575 व जनपद पंचायत कोतमा क्षेत्र में 1046 हितग्राहियों को उनके नवीन आवास में गृह प्रवेश कराया जायेगा। उन्होंने बताया है कि जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड जैतहरी स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम ग्राम पंचायत फुनगा में आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 14 सदस्यीय उद्यानिकी तकनीक के अध्ययन के लिए कृषकों का दल किया रवाना

अनूपपुर नवप्रदेश

उद्यानिकी विभाग द्वारा राज्य योजनांतर्गत राज्य के बाहर 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण के तहत 14 सदस्यीय कृषक दल को छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर, रायपुर, बाना, गोमची के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कृषक दल के लोगों को वाहनों से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री व्ही.डी. नायर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। दल में शामिल कृषक शासकीय उद्यान सरकण्डा बिलासपुर, कृषि महाविद्यालय सरकण्डा बिलासपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर, इन्दिरा गांधी कृषि विश?वविद्यालय रायपुर, शासकीय बीज प्रगणन प्रक्षेत्र बाना, व्ही.एन.आर. नर्सरी सब्जी प्रक्षेत्र एवं फल पौध प्रक्षेत्र गोमची रायपुर का भ्रमण व अवलोकन कर उद्यानिकी तकनीकों का अध्ययन करेंगे। उद्यानिकी फसलों में सब्जी अंतर्गत विशेष रूप से टमाटर उत्पादन के उन्नत तकनीक का कृषकों द्वारा अध्ययन किया जायेगा।

दैनिक नव प्रदेश

अभिव्यक्ति

जबलपुर, मंगलवार, 29 मार्च 2022

संपादकीय

माननीयों को पेंशन आखिर क्यों

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वहां के पूर्व विधायकों को मिलने वाली पेंशन पर कैंची चला दी है। अब तक पंजाब में यह व्यवस्था थी कि जो भी व्यक्ति जितनी बार विधायक बनेगा उसे उतने कार्यकाल की पेंशन मिलेगी। यदि कोई तीन बार विधायक बनता है तो उसे तीन बार की पेंशन मिलती रहेगी है। इस तरह पंजाब में ऐसे कई पूर्व विधायक है जिन्हें चार से पांच लाख रुपए तक की पेंशन मिलती रही है यह सरकारी खजाने में डकैती नहीं तो और क्या है। जनता ने सत्ता सौंप कर खजाने की चाबी हाथ में पकड़ा दी तो इसका यह मतलब नहीं कि आप सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूटने लगे। इस तरह की फिजूल खर्ची के कारण ही आज पंजाब लगभग तीन हजार करोड़ रुपए के कर्ज में डूब चुका है। बहरहाल पंजाब के नए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पूर्व विधायकों को अब सिर्फ एक ही पेंशन देने का नियम बनाकर अनुकरणीय कदम उठाया है। अन्य राज्य सरकारों को भी जहां पूर्व विधायकों को एक से ज्यादा पेंशन मिलती है वहां भी यह नियम लागू किया जाना चाहिए। इसी के साथ ही ऐसे माननीय जो कभी विधायक तो कभी सांसद चुने जाते है और वे पूर्व विधायक के नाते तथा पूर्व सांसद के नाते दो-दो पेंशन उठाते हैं। उसमें भी नियम बदले जाए और उन्हें सिर्फ एक ही पेंशन दी जाए। कायदे से तो पूर्व विधायकों और पूर्व सांसदों को पेंशन मिलनी ही नहीं चाहिए। ये माननीय देश सेवा और जन सेवा के लिए राजनीति में आते है और मात्र साल के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के बाद आजीवन पेंशन की पात्रता पा जाते है। जबकि दूसरी ओर तीन साल सरकारी नौकरी करने वाले नौकरशाहों की पेंशन खत्म कर दी गई है तो फिर इन माननीयों को आखिर पेंशन क्यों। वैसे भी विधायक और सांसद होने के नाते इन्हें वेतन के रूप में मोटी रकम मिलती है। इसके अलावा अन्य और भी कई सुविधाएं इन्हें प्राप्त होती है। निःशुल्क आवास, मुफ्त टेलीफोन, फ्री में रेल हवाई जहाज की यात्रा से लेकर इन्हें बहुत सी सुविधाएं इन्हें सरकार प्रदान करती है। संसद और विधानसभाओं की कैंटीन में इन्हें लगभग मुफ्त में खाना भी दिया जाता है। इसके बाद भी इन्हें पेंशन देना कतई उचित नहीं है। इस बारे में केन्द्र सरकार को सर्वदलिय बैठक बुलाकर सांसदों और विधायकों को दी जाने वाली पेंशन को खत्म करने के मुद्दे पर विचार करना चाहिए और एक कानून बनाकर पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों की पेंशन पात्रता खत्म कर देनी चाहिए। यदि ऐसा किया गया तो केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों का हर साल अरबों रुपए बचेगा जो कल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यय किया जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों की पेंशन समाप्त करने के मुद्दे पर केन्द्र सरकार जल्द से जल्द कारगर पहल करेगी।

ये विभाजन की विभीषिका के 'क्लाशनिकोव' क्षण हैं!

श्रवण गर्ग

अंत में : साल 1947 की प्रमुख घटनाओं में भारत को आज़ादी का मिलना तो सर्वज्ञात है पर एक अन्य घटना यह है कि दुनिया के सबसे घातक हथियार ए47 की पहली किस्त उसके आविष्कारक मिखाइल क्लाशनिकोव ने रूसी सेना को अपने हथियारों में शामिल करने के लिए सौंपी थी।अपने आविष्कार पर आजीवन गर्व करने वाले क्लाशनिकोव का जीवन के अंतिम दिनों (निधन 2013) में ह्रदय परिवर्तन हुआ और उन्होंने रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख को लिखे पत्र में कहा :" मेरी आत्मा की पीड़ा असहनीय हो गई है।मैं बार-बार अपने आपसे अनुत्तरित सवाल पूछता हूँ: मेरे द्वारा बनाई गई असाल्ट राइफ़ल से लोगों की जानें गई ,इसका मतलब है उनकी मौतों के लिए मैं ज़िम्मेदार हूँ।" साल 2022 के पंद्रह अगस्त का दिन भी बस आने ही वाला है।

ऐसा मान लेना ठीक नहीं होगा कि लगभग 183 अरब रुपए की हैसियत वाली मुंबई की फ़िल्म इंडस्ट्री में जो कुछ बड़े लोग इस वक्त डरे हुए हैं उनमें आमिर ख़ान भी एक हो सकते हैं। वैसे लोगों की जानकारी में है कि फ़िल्म 'पीके' में अपने न्यूड पोस्टर और कथित तौर पर देवी-देवताओं का मख़ौल उड़ाने के कारण जब से आमिर खान कट्टरपंथियों के निशाने पर आए हैं वे तब से काफ़ी सोच-समझकर ही बात करने लगे हैं। याद किया जा सकता है कि 'तारे ज़मीन पर ' फ़ेम अभिनेता ने कोई सात साल पहले यह तक कह दिया था कि असहिष्णुता के माहौल के चलते उनकी पत्नी(अब पूर्व) को भारत में रहने में डर लगता है और वह बच्चों को लेकर देश छोड़ना चाहती हैं।उनके इस कथन को लेकर तब बवाल मच गया था।

यहाँ आमिर खान का उल्लेख 'द कश्मीर फ़ाइल्स' ने ज़रूरी बनाया है। आमिर ने कहा है कि :' वे इस फ़िल्म को ज़रूर देखेंगे क्योंकि यह हमारे इतिहास का एक ऐसा हिस्सा है जिससे हमारा दिल दुखा है। जो कश्मीर में हुआ पंडितों के साथ वो हक़ीक़त बहुत दुख की बात है। एक ऐसी फ़िल्म बनी है उस टॉपिक पर वह यक़ीनन हर हिंदुस्तानी को देखनी चाहिए। हर हिंदुस्तानी को यह याद करना चाहिए कि एक इंसान पर जब अत्याचार होता है तो कैसा लगता है।' चीज़ें अचानक से बदल रही हैं। जो आमिर खान 'पीके' फ़िल्म में पीठ की तरफ़ से न्यूड नज़र आ रहे थे हो सकता है शूटिंग के दौरान कैमरे की तरफ़ से वैसे न रहे हों, ।सामने के दृश्य की दर्शकों ने मन से कल्पना कर ली हो। फ़िल्म का कैमरा आमिर खान की पीठ का ही पीछा कर रहा था ,पेट का नहीं! सितारों की पीठ के निशान तो दिख जाते हैं उनके पेट में क्या होता है ठीक से पता नहीं चल पाता। बहस का विषय यह है कि जो बहुचर्चित फ़िल्म इस समय हमारी आँखों के सामने तैर रही है उसे आज़ादी (या विभाजन) की किसी नई लड़ाई की शुरुआत माना जाए या उसका समापन मान लिया जाए? इस सवाल का निपटारा इसलिए ज़रूरी है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जो बत्तीस साल पहले के घटनाक्रम पर संताप करने से ज़्यादा इस कल्पना से सिहरे हुए हैं कि अब आगे क्या होने वाला है ! दूसरे शब्दों में बयान करना हो तो सभी प्रकार के वंचितों और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में इसे पहली फ़िल्म माना जाए या अंतिम फ़िल्म?इसमें आमिर खान से पूछे जा सकने वाले इस सवाल को भी जोड़ा जा सकता है कि इसी तरह के कथानक और दृश्यों वाली किसी और फ़िल्म में वे काम करना पसंद करेंगे या नहीं?

मैंने कुछ ऐसे ग़ैर-पंडित कश्मीरी लोगों से बात की जो स्वयं तो देश के दूसरे हिस्सों में काम कर रहे हैं पर उनके सगे-सम्बन्धी घाटी में ही हैं। जब जानना चाहा कि फ़िल्म को लेकर जो चल रहा है उस पर घाटी में किस तरह की प्रतिक्रिया है तो उन्होंने कहा कि फ़िल्म कश्मीर घाटी में तो अभी देखी नहीं गई है, पर लोगों में आपसी बातचीत में दो प्रकार की प्रतिक्रियाएँ दी हैं : पहली तो यह कि पंडितों के पलायन के मुद्दे को अब एक राजनीतिक हथियार बनाकर लम्बे समय तक जीवित रखा जाएगा। दूसरी यह कि अगर फ़िल्म को घाटी छोड़कर गए पंडितों का भी सत्तारूढ़ दल के लोगों की तरह ही समर्थन हासिल है तो फिर मान लिया जाना चाहिए कि वे अपने ख़ाली पड़े हुए घरों में लौटना नहीं चाहते हैं! मुमकिन है कि पिछले तीन दशकों के दौरान कुछ तो अपनी मेहनत और बाक़ी ने सरकारी मदद के ज़रिए उन्होंने इतना कुछ प्राप्त कर लिया है कि अब घाटी में लौटकर नए सिरे से ज़िंदगी प्रारम्भ करना उन्हें ज़्यादा जोखिम का काम लगे।उनका यह भी कहना है कि जो पंडित इस वक्त घाटी में ही रह रहे हैं उनकी फ़िल्म को देखने में कोई रुचि है ऐसा ज़ाहिर नहीं होता।

भाजपा संसदीय बोर्ड की पिछले दिनों हुई बैठक में प्रधानमंत्री ने फ़िल्म को लेकर दो महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ कीं थीं।एक तो यह कि :'पहली बार किसी ने जब महात्मा गांधी पर फ़िल्म बनाई और पुरस्कार पर पुरस्कार मिले तो दुनिया को पता चला कि महात्मा गांधी कितने महान थे।' उनकी दूसरी टिप्पणी यह कि :'बहुत से लोग फ़्रीडम ऑफ़ एक्सप्रेशन की बात तो करते हैं लेकिन आपने देखा होगा कि इमर्जेन्सी पर कोई फ़िल्म नहीं बन पाया क्योंकि सत्य को लगातार दबाने का प्रयास होता रहा।भारत विभाजन पर जब हमने 14 अगस्त को एक 'हॉरर डे' के रूप में याद करने के लिए तय किया तो बहुत से लोगों को बड़ी दिक़्क़त हो गई।' 'द कश्मीर फ़ाइल्स' के संबंध में संसदीय बोर्ड में कहे गए प्रधानमंत्री के कथन को उनके द्वारा पिछले साल पंद्रह अगस्त के दिन लाल क़िले से दिए गए भाषण के प्रकाश में देखें तो चीज़ें ज़्यादा साफ़ नज़र आने लगेंगी। उन्होंने कहा था :'देश के बँटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफ़रत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में।14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया है।'

सच्चाई यह है कि डर अब 'द कश्मीर फ़ाइल्स' देखने को लेकर नहीं बल्कि इस बात पर सोचने से ज़्यादा लग रहा है कि अब अगर विभाजन की 'वास्तविकता' पर फ़िल्में बनाई गईं तो वे कैसी होंगी? क्या विभाजन की त्रासदी पर ('तमस' सहित)अब तक बनाई गईं तमाम फ़िल्में 'वास्तविकताओं' से एकदम दूर थीं या फिर उनमें उस हिंदू राष्ट्रवाद का अभाव था जिसे कि इस समय सबसे ज़्यादा ज़रूरी समझा जा रहा है? अगर यही सच है तो बहुत सम्भव है विभाजन की वास्तविकता का बखान करने वाली फ़िल्मों के कथानकों पर काम भी शुरू कर हो गया हो। पाकिस्तान स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल करतारपुर साहिब की यात्रा के लिए तब पंजाब में बन रहे कॉरिडोर को लेकर प्रधानमंत्री ने कोई पाँच साल पहले गुरु पर्व पर भावना व्यक्त की थी कि अगर बर्लिन की दीवार गिर सकती है तो यह दीवार क्यों नहीं? प्रधानमंत्री का इशारा करतारपुर कॉरिडोर के लिए पाकिस्तान के साथ सीमा को खोलने को लेकर था पर उसका व्यापक अर्थ दोनों देशों के बीच विभाजन के कारण खड़ी हुई दीवार को गिराने की भावना से भी लिया गया था। विभाजन की वास्तविकताओं के घावों को सिनेमाई परदों पर दिखाने का मतलब अब यही समझा जाएगा कि केवल सीमाओं पर ही नहीं घरों के बीच भी लाखों-करोड़ों नई दीवारें खड़ी हो सकतीं हैं।

विचार

भ्रष्टाचार खत्म हो, रोजगार बढ़ें, यही है वक्त की मांग

भ्रष्टाचार को दूर करने का वादा करके पंजाब की सत्ता में आई आम आदमी पार्टी ने इस दिशा में शुरुआती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। राज्य सरकार के आईएएस, आईपीएस, पीसीएस और पीपीएस अफ्सरों के पुराने रिकॉर्ड चैक किए जा रहे हैं। अगले दो हफ्ते में ऐसे दागी अफ्सरों की सूची तैयार हो जाएगी जिन पर किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। दागी अफ्सरों को पब्लिक डीलिंग वाले पदों पर नहीं लगाया जाएगा। भगवंत मान के इस कदम की सराहना हो रही है। इसी की देखादेखी पड़ोस के हरियाणा प्रांत में भी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की तैयारी चल रही है। प्रशासनिक स्तर पर एक हाई पॉवर कमेटी गठित की गई जो एक करोड़ रुपए तक के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करेगी। इसके तहत डिवीजन लेवल तक जांच की व्यवस्था की जा रही है। भ्रष्टाचार के मामलों में तेजी से एक्शन लेने की आवश्यकता है, क्योंकि यह दीमक की तरह अर्थव्यवस्था और समाज को नुकसान पहुंचाता है। जैसे जैसे कोरोना का डर कम हो रहा है, आर्थिक गतिविधियां गति पकड़ने लगी हैं। धीरे धीरे ही सही लेकिन कार्यक्रम आयोजित होने लगे हैं और रोजगार के अवसर सामने आने लगे हें। लोग अब अपने कार्यालयों से काम करने लगे हैं। बहुत कम लोग हैं जो अभी वर्क फ्रॉम होम मोड पर हैं। इसी का असर है कि वीडियो कांफ्रेंसिंग कंपनी जूम की तिमाही आय में गिरावट दर्ज हुई है। नवंबर 2021 से जनवरी 2022 के बीच जूम के कारोबार में महज 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इन्हीं महीनों में पिछले साल इसके कारोबार में 191 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले पांच वर्षों में जॉब मार्केट में तकनीकी ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी। टीमलीज डिजिटल नामक एक एचआर फर्म के अनुसार, इस दौरान इंजीनयरिंग, टेलीकॉम और हेल्थकेयर सेक्टर में 1.2 करोड़ नये जॉब पैदा होंगे। इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर 27 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ने का अनुमान है क्योंकि ये सेक्टर बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। फिलहाल इनमें 4.2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

योगी की दूसरी पारी और 2024 की तैयारी

प्रेम शर्मा

यहां विकास की बुनियादी रूपरेखा को और दुरुस्त करने की जरूरत है। यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जैसी बड़ी परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में विकास की बुनियाद सशक्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश के पास ऐसा बहुत कुछ है, जिस पर सब गर्व कर सकते हैं। अभी जो परियोजनाएं चल रही हैं, उन्हें जल्द पूरा करने पर प्रदेश सरकार का जोर होना चाहिए। पिछली सरकार में लगातार गड्ढा मुक्त सड़कों चर्चा को अब फलीभूत करना होगा। चुनाव अगर श्रेय लेने का समय होता है, तो जनता ने योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार को श्रेय दे दिया है, लेकिन अब फिर काम में लग जाने का समय है।

उत्तर प्रदेश में चुनाव से एक माह पूर्व तक बनती बिगड़ती संभावनाओं और रैलियों में उमड़ती भीड़ के दौरान कांटे की टक्कर को स्पष्ट बहुमत में बदलने का कमाल करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में लगभग चार दशक बाद लगातार मुख्यमंत्री का इतिहास ही नही रचा बल्कि कई ऐसी इबारत लिखी जिसे दोहरापाना नामुमकिन होगा। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बड़े बड़े अनुभवी राजनैतिज्ञ विशेषज्ञों के अनुमानों को धता दिखाते हुए नए नए चेहरों को लाकर मंत्रीमण्डल समूह का गठन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने पिछले पॉच वर्षो में सरकार और संगठन को बहुत बरीकी से महसूस किया है। नौकरशाही के प्रति उनकी अनदेखी कहे या फिर नौकरशाही की आंकड़ेबाजी जरूर समझने में कुछ चूक योगी आदित्यनाथ से हुई जिसका परिणाम यह रहा कि पिछली बार सिर्फ50 के अन्दर रहने वाले विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने सौ का आंकड़ा पार कर लिया। सुशासन, गरीबों को राशन सहित कई जनहितैषी योजनाओं की भरमार के बावजूद नौकरशही के '' नौकरी '' वाले रवैयें ने योगी आदित्यनाथ के तीन सौ से पार के दावें पर पानी फिरवा दिया। बहरहाल योगी आदित्यनाथ की यह दूसरी पारी पहले से अधिक जिम्मेदारी और जनता के लिए बहुत कुछ करने के साथ आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की अभी से तैयारी है। देश की 80 करोड़ आबादी की स्थिति को देखते हुए अगले छह माह तक फ्री राशन योजना को बढ़ाकर केन्द्र की मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश की सरकार को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी का इशारा कर दिया है। केन्द्र सरकार का रास्ता तय करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सदैव सर्वोच्च रही है। राजनैतिक दल कोई भी हो उसकी नजर सबसे पहले उत्तर प्रदेश की राजनीति पर रहती है। विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के बारे में जिज्ञासा के साथ उत्तर प्रदेश की राजनीति में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दल का ही प्रधानमंत्री अबतक भारत सरकार में बनता आ रहा है। पिछली सरकार में मजबूत स्थिति वाले 9 कैबिनेट और 12 राज्य मंत्रियों को संगठन में भेजने की तैयारी के साथ जो योगी सरकार 2.0 के लिए जो टीम चुनी गई है, उसमें परिवर्तन के साथ निरंतरता कायम रखने की

दूरदर्शितापूर्ण समझ झलक रही है। आगामी लोकसभा की तैयारी का परिणाम रहा कि योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उपमुख्यमंत्री रहे केशव प्रसाद मौर्य के विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद भी उपमुख्यमंत्री बनाया गया। कारण स्पष्ट है कि प्रदेश बीजेपी में ओबीसी वर्ग के प्रमुख और सबसे विश्वसनीय चेहरा रहे हैं और 2017 के बाद 2022 के चुनावों में मिली जीत में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी रही। दूसरे उपमुख्यमंत्री रहे दिनेश शर्मा की जगह इस बार ब्राह्मण समाज के ही ब्रजेश पाठक को दे दी गई। इसी तरह प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उत्तराखंड की राज्यपाल रहीं बेबीरानी मौर्य को मंत्रिमंडल में लेना भी महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रदेव सिंह कुर्मी समुदाय के प्रभावशाली नेता हैं तो बेबीरानी मौर्य जाटव समाज से आती हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य में कोई भी मंत्रिमंडल ऐसा नहीं हो सकता जिसमें हर तबके और हर क्षेत्र की भागीदारी हो सके। मगर सही अनुपात में भागीदारी से जुड़े तमाम दावों की असली परीक्षा सरकार के कामकाज से ही होती है। योगी सरकार के सामने भी मूल चुनौती अपने दूसरे कार्यकाल को पहले से बेहतर बनाने और 2024 में एक बार पुनः केन्द्र में भाजपा की सरकार की होगी। प्रदेश में अगर चुनौतियों पर चर्चा की जाए तो चुनाव के दरम्यान जो नाराजगी सरकार के खिलाफ दिखी उसके अनुसार छुट्टा जानवर,स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति अनदेखी, प्रदेश पर कर्ज, सरकारी भर्ती,सड़कों का गड्ढा, महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था जैसी चुनौतियॉ होगी। सरकार के सम्बंध के बारे में आलोचना और सरकार की उपलब्धियों निदंक की भूमिका निभाने वाले मीडिया जगत के प्रति सरकारी अफ्सरों भेदभाव भरी नीति को रोकना भी योगी आदित्यनाथ की दूसरी पारी में बड़ी चुनौती होगा। यह अलग बॉत है कि '' सतसइया के दोहरा ज्यों नावक के तीर।देखन में छोटे लगैं घाव करैं गम्भीर।'' जैसे सारगर्भित दोहे की सरकार और उसके कारिन्दे हमेंशा ही अनदेखी करती रही है। चुनाव परिणामों में भाजपा के नेताओं के प्रति आभार भाव कायम था, इसलिए जनता ने सीटें भले कम कर दीं, पर फिर शासन का मौका दिया। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह कहना पड़ा कि 'प्रदेश में वंशवाद और जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमने सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम किया। अब हम लोगों की आय को दोगुनी करेंगे। प्रदेश को नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाएंगे।' दरअसल, अर्थव्यवस्था ही वह कमजोर नब्ज है, जहां सरकार की वास्तविक परख होने वाली है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य का विकास देश की चंद बहुत बड़ी चुनौतियों में शुमार है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जब तक निर्दोषों का खून इस धरती

जब तक निर्दोषों का खून इस धरती पर बहता रहेगा तब तक युद्ध खत्म नहीं होंगे। उनकी चीखें उनकी तड़प, उनकी आहें , उनकी बेबसी को यह पूरा अस्तित्व कैसे भूल सकता है और सब लौट कर आता है। हम सब शामिल हैं इस अपराध में क्योंकि आवाज उठानी तो दूर हामी भरने की भी हिम्मत नहीं। **अग्निहोत्री प्रोपेसर चंद्रकांता**

दिल्ली की कजरूलाल सरकार ने पहले

दिल्ली की कजरूलाल सरकार ने पहले भी फिल्मे टैक्स फ्री की थी शहीद कपूर की हैदर कबीर खान की 83 तापसी पन्नू की सांड की आँख स्वरा भास्कर की निल बटे सन्नाटा आमिर खान की दंगल परन्तु जब #The Kashmir Files को टैक्स फ्री करने की बात आई, तो कहता है - यूट्यूब में रिलीज़ कर दो..! **राजीव वर्मा**

खास पाती | तन्हाई में दिल बहलाना सीख

तन्हाई में दिल बहलाना सीख गए हम आँखों में आँसू ठहराना सीख गए हम जम जाती जब पीर पहाडों सी दिल पर तो यारों उसको अब पिघलाना सीख गए हम सहने से बढ़कर भी ज़ख्म नहीं होते हैं सहकर सारे जख्म छुपाना सीख गए हम फूलों से हैं घाव मिले इतने हमको फिर काँटों पर भी आना जाना सीख गए हम वो हर दिन कहते तुमको आता ही क्या है हम बोले शीशा दिखलाना सीख गए हम। **नीरू श्रीवास्तव**

सूर्य की लाल आँखों मे पिछली

सूर्य की लाल आँखों मे पिछली शाम का दर्द है उद्वेलित है इसका मन विद्रोह की दुखद अवस्था है अकेले भटकाव इसका और निरन्तर बड़बड़ाना दुनिया को तो भाता हैअच्छा ही अच्छा पाना उसके डूबने की घटना पर कल अंधेर कितना हँसा था मौन ओढ़ लिया कविताओ ने सच किसी ने तंज कसा था अकेले कर कोशिश फिर से उगा है मगर मलाल तो है ही शामिल इसीलिये अंगारे जेठ मे उगलेगा त्राहि त्राहि करेंगी पँक्तियाँ कविताओ की सच उफ्न उफ्न कर अब बाहर गिरेगा। **डॉ मेनका त्रिपाठी**

आओ हम भी उसी साहिल को चलें

आओ हम भी उसी साहिल को चलें सिन्दूरी शामें, कि जहां साँझ ढले, उतार कर अपना सुरमई घूंघट- शामें! प्यार का गीत गुनगुनातीं है! भीनी-भीनी हवा, गातीं है दुआ, ज़िन्दगी ने जैसे पास आके छुआ, छूलें चल के हम, अनछुए लम्हों को-लहरें-साहिल से लिपट जातीं है! सामें झोंके घूंघट कली के खोल रहे, हर तरफ प्रेम के पंछी से बोल रहे, जाम लिए, ज़िन्दगी साकिया बन के -मुस्कातीं, जीने को उकसातीं है। सामें। **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

धारिणी पुल्कित, आकाश प्रसन्न

धारिणी पुल्कित, आकाश प्रसन्न चहुँ ओर गूंजे बसंत-बसंत खिल गये गेंदा, महके मधुबन चहुँ ओर गूंजे बसंत-बसंत लद गए बौर अमिया की शाखा महुआ, बेर भरे विशाखा छाए पलाश समस्त वन-वन चहुँ ओर गूंजे बसंत-बसंत सुमन शीश उठाये झूमे तितली भौरें इठलाकर घूमे मंद-मंद मुस्काये पवन चहुँ ओर गूंजे बसंत-बसंत झुक रही सुन्दर फूलों सेपतझड़ की रिक्त डालियाँ लेकर आया है ऋतुराज नव किरण, नव लालिमा गई धुंध कोहरा हटा अनुपम हुई नभ की छँटा हर्षित मन, उल्लास, उमंग चहुँ ओर गुंजे बसंत-बसंत। **माया देवांगन**

किसी समय जनता को विश्वास

किसी समय जनता को विश्वास दिलाया गया था कि जो भी करुंगा जनता की राय से करुंगा। विधानसभा में जो हंसी है उस मासूम जनता का मजाक है जिसने ऐसे नेता पर भरोसा किया। धन्यवाद, अरविंद केजरीवाल अपने वास्तविक रुप के दर्शन कराने के लिए।

नवीन शंकर शर्मा

पंजाब में आम आदमी सरकार

पंजाब में आम आदमी सरकार ने विधायकों की पेंशन में कटौती का जो निर्णय लिया है, वह स्वागत योग्य है. इस निर्णय के प्रकाश में यह भी जाहिर हुआ कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने हर कार्यकाल के लिए एक अलग पेंशन पाते हैं. ऐसा सिर्फपंजाब में ही नहीं, दूसरे राज्यों में भी होता होगा. तो अब दूसरे राज्यों की बारी है. उन्हें भी विधायकों को सिर्फएक कार्यकाल की पेंशन देने का नियम बनाना चाहिए। **अनिल पाण्डेय**

QUIZ TIME

1) कालिदास के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'मालविकाग्निमित्र' का नायक कौन था?

2) एक ही समय पर आने वाले भूकम्पीय क्षेत्रों को मिलाने वाली रेखा क्या कहलाती है?

3) किस भारतीय बैंक ने सर्वप्रथम एसएमई से ऋण आवेदन प्रणाली प्रारम्भ की?

4) अहिल्या बाई होल्कर पुरस्कार किस क्षेत्र के लिए दिया जाता है?

5) संविधान सभा का उपाध्यक्ष किसे बनाया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) अग्निमित्र (2) होमोसिस्मल लाइन (3) यूको बैंक (4) वीरता और साहस (5) हरेंद्र कुमार मुखर्जी

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 28 मार्च की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1561- अकबर ने मालवा की राजधानी सांरगपुर पर हमला कर बाजबहादुर को हराया था। 1572- हॉलैंड में स्पेन के सेना कमांडर के अत्याचारों के विरुद्ध जनान्दोलन आरंभ हुआ। 1736- ब्रिटेन के आविष्कारक जेम्स वाट का उत्तरी इंग्लैंड में ग्रिनीक नगर में जन्म हुआ। 1795- पोलैंड का विभाजन हुआ। 1802- हाइनरिक विल्हेम मथायस ओल्बर्स ने क्षुद्रग्रह पल्लास का पता लगाया। 1806- वाशिंगटन कॉलेज (अब वाशिंगटन और जेफरसन कॉलेज) की स्थापना पेंसिल्वेनिया महासभा द्वारा की गई। 1809- मेडलिन युद्ध में फ्रांस के हाथों स्पेन की हार हुई। 1891- पहला विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप आयोजित किया गया। 1922- अमेरिकी आविष्कारक ब्रेडली ए फिस्के ने माइक्रोफिल्म पठन यंत्र का पेटेंट कराया। 1930- तुर्की के बहुत से शहरों का नाम बदला गया। इसी दिन से राजधानी 'अंगोरा' को 'अंकारा' और 'कॉन्सटानिनोपल' का नाम बदलकर 'इस्तांबुल' कर दिया गया। 1941- नजरबंदी में रह रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोष कोलकाता से भागकर बर्लिन पहुंचे। 1949- अमेरिका के रक्षा सचिव जेम्स फोरेस्टल ने अचानक इस्तीफा दिया। 1959- चीन ने तिब्बत की सरकार भंग की और पांचेन लामा को पदासीन किया। 1962- सीरिया में सैन्य विद्रोह के बाद राष्ट्रपति नादिम अल-कुद्सी देश छोड़कर भागे। 1965- डॉक्टर मार्टिन लूथर किंग ने काले अमेरिकियों के अधिकारों के लिए एलाबामा की राजधानी मॉटगुमरी में 25 हजार लोगों के साथ मार्च निकाला।

नौबस्ता चौकी क्षेत्र बना अवैध नशे के कारोबार का अड्डा

पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध कारोबार, आरक्षक के संरक्षण में हो रहे नशे के अवैध कारोबार

विवेक तिवारी

रीवा ब्यूरो नवप्रदेश । जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत स्थापित चौकी नौबस्ता इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है बता देगी क्षेत्र में अवैध नसे कारोबार की भरमार है कहीं भी किसी भी जगह नशे के सामान से लेकर अवैध धंधे खुलेआम हो रहे हैं लेकिन इसमे लगाम लगना और लगाना पुलिस के बूते में नहीं गया तस्करों के चौकी प्रभारी के मधुर संबंध होने की वजह से नौबस्ता पुलिस अंजान की तरह तमाशा देखती रहती है। पिछले छः महीनों के अंदर नौबस्ता में खुलेआम अवैध नशे का कारोबार संचालित होता है यहां की युवा पीढी गांजा, शराब, नशीली कफ सिरप के नशे में डूबी हुई है। अगर देखा जाए तो सबसे ज्यादा अपराध चाहे लीगल हो या नहीं कर इसी क्षेत्र अंतर्गत हो रहे हैं कब कौन किसका सामान पार कर दे कब किसे कौन उठा ले यह यहां असंभव नहीं है लेकिन इसके बाद भी इस और ना तो पुलिस अधीक्षक की नजर जा रही है और ना ही चौकी प्रभारी की यहां देखने और सुनने में आ रहा है की नशीली कब सिर्फ से लेकर दर दर पर जहां शराब का अवैध कारोबार हो रहा है वही अवैध खदानों का संचालन खुलेआम किया जा रहा है जहां से शासन को होने वाली आय का लाखों का चूना लगाया जा रहा है क्षेत्र अंतर्गत अल्ट्राटेक कंपनी का संचालन होता है जहां सीमेंट के निर्माण के लिए काले पत्थरों से लेकर कई तरह के खनिज पदार्थ अवैध तरीके से खुदाई किए जाते हैं लेकिन इसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है अगर देखा जाए तो जिले के चोरहटा की चौकी अवस्था में व्यापक भ्रष्टाचार हो रहा है अगर इसमें चौकी प्रभारी की संलिप्तता कहीं जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी । सूत्रों की माने तो बता दें कि अभी हाल ही में खुदाई के दौरान दो अवैध जेसीबी मशीन को पकड़ा गया था लेकिन ले देकर चौकी प्रभारी ने मामले को सालटा दिया । क्या चौकी प्रभारी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों पर भारी पड़ रही है जिस ओर वरिष्ठ अधिकारियों की नजर नहीं पहुंच पा रही अभी हाल ही में थाना अंतर्गत अपराधों की समीक्षा में थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है लेकिन इस पर नौबस्ता थाना प्रभारी को नजरअंदाज क्यों कर दिया गया यह सवालिया निशान उठ रहा है जबकि सबसे ज्यादा मामले और घटनाएं चाहे चोरी के चाहे अवैध नसे कारोबार की यह नौवसता चौकी अंतर्गत हो रही है

मैहर के सोनवारी तिरुपति बिल्डकॉन टोल प्लाजा में बाहर से आने वाले वाहनों से हो रही अबैध वसूली

नव प्रदेश मैहर ।। लगातार कई महीनों से देखा जा रहा कि एम पी आर डी सी की रोड एच एस 11 में तिरुपति बिल्डकॉन द्वारा रोड टैक्स वसूली करने व रोड मेंटेनेंस का ठेका ले रखा है जिसका फायदा उठाते हुए तिरुपति बिल्डकॉन टोल प्लाजा प्रबंधक मदन मोहन गुप्ता के ऊपर बाहर से आने वाले ट्रक चालकों ने आरोप लगाया है कि किसी कंपनी का जब भी कोई उपकरण यह समान लाया जाता है तो और प्लाजा प्रबंधक द्वारा ट्रक बैरियल से क्रॉसिंग करने का 40 से ?50000 की डिमांड की जाती है नहीं देने पर दस दस दिनों तक ट्रकों को खड़ा रहना पड़ता है ऐसा ही एक मामला सामने आया जब ट्रक क्रमांक ङ्घ02ठ्ठ 8922 साथ द्बद्ध46द्ध1500 ट्रक नागपुर से अल्ट्राटेक सीमेन्ट प्लांट के कुछ उपकरण लेकर आये थे इनसे भी प्रत्येक ट्रक से ?40000 मांगने की बात टोल प्रवंधक द्वारा कही गई लेकिन तत्काल में पैसे ना होने के कारण ट्रक चालकों को ट्रक सहित 10 दिन तक खड़े रहना पड़ा तभी अचानक अपने मालिक को फोन कर पूरी जानकारी दी और टोल प्लाजा से ट्रक को क्रॉसिंग करने का ?55000 में सौदा हुआ साथ ही एमपीआरडीसी के निर्देशन अनुसार टोल टैक्स भी लिया गया तभी ट्रकों को क्रश होने दिया गया ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि टोल प्लाजा में हो रही दिनदहाड़े डकैती पर जिम्मेदार आखिर मौन क्यों है। क्या गवर्नमेंट का ऐसा कोई नियम और शर्त है कि हर रोड में जाने का अलग टैक्स दिया जाएगा जिसकी कोई रसीद भी नहीं दी जाएगी आखिर किससे और कौन से कार्य का सोनवारी तिरुपति बिल्डकॉन टोल प्लाजा प्रबंधक मदन मोहन गुप्ता द्वारा ?55000 दो ट्रकों से लिए गए यह बड़ा सवाल एमपीआरडीसी व जिला प्रशासन पर की आखिर किस बात का पैसा लिया जा रहा है।।

मजदूरी मांगने पर युवक को मिले लाठी-डंड

सिर पर लगी चोंट और मौके पर हुई मौत,

रीवा नवप्रदेश। जिले में अपराध का ग्राफ घटने की वजाय बढ़ता जा रहा है, इसकी वजह पुलिस की लापरवाही व अधिकारियों को मिल रहा मौन संरक्षण है। बता दें कि जनेह थाना क्षेत्र के ग्राम पटेहरा में युवक की लाठी डंडे से पीटकर उसके घर के बाहर ही हत्या कर दी। हत्या भी मजदूरी के रुपए मांगने को लेकर की गई, युवक को मजदूरी तो मिली नहीं लेकिन अपराधियों ने उसे लाठी-डंडे से पीटकर मौत के घाट जरूर उतार दिया।जानकारी के मुताबिक पटेहरा गांव के रहने वाले धर्मेन्द्र कोल द्वारा गांव के ही कमल सिंह की खद्दान पर काम करता था, उसकी मजदूरी कुछ बकाया था, जिसकी राशि की मांग वह बार-बार कमल सिंह से कर रहा था, एक दिन मजदूरी मांगने का विवाद बढ़ा और गाली-गलौच तक बात चली गई, यह बात कमल सिंह को राश नहीं आई और वह अपने साथी सुमित सिंह को लेकर धर्मेन्द्र के घर पहुंच गया और उसे बाहर बुलाया।दोनो ने लाठी-डंडे से धर्मेन्द्र पर हमला कर दिया, इस दौरान धर्मेन्द्र के सिर पर गंभीर चोंट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद कमल व उसका साथी सुमित मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने वाली शेफ लता टंडन की निज़ी जिंदगी दांव पर

रीवा नवप्रदेश । गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड समेत दुनिया में सबसे ज्यादा समय तक खाना पकाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कराने वाली मास्टर शेफ लता टंडन अपने ही घर में हिंसा का शिकार हुई हैं. उन्होने अपने पति मोहित टंडन के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है. थाने में दी गई तहरीर में उन्होने आरोप लगाया कि उनके पति मोहित का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध हैं. इसी वजह से वह उन पर (लता पर) तलाक देने का दवाब डाल रहें हैं, जिसके चलते अब प्रताड़ना की सारी सीमाएं पार हो रही हैं और पुलिस से मदद लेने के सिवाए उनके पास कोई चारा नहीं बचा है. लता ने पुलिस से पति के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है.

पति पर गंभीर आरोप -शेफ लता टंडन ने मीडिया से बात करते हुए कहा की वह अपने पति मोहित टंडन के घर गईं, लेकिन उसने गंदे और अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए उनकी बेज्जती की और घर से बाहर निकाल दिया. उन्होंने बतायाड कि पति का चार महीने से किसी शादीशुदा महिला के साथ अवैध संबंध है. जब उसे इस बात का पता चला तो परिवार के जरिए सभी ने मिलकर मोहित को समझाने की कोशिश की लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी और अब

लगातार धमकियां दी जा रही हैं

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड समेत दुनिया में सबसे ज्यादा समय तक खाना पकाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कराने वाली मास्टर शेफ लता टंडन अपने ही घर में हिंसा का शिकार हुई हैं. उन्होने अपने पति मोहित टंडन के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है. थाने में दी गई तहरीर में उन्होने आरोप लगाया कि उनके पति मोहित का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध हैं. इसी वजह से वह उन पर (लता पर) तलाक देने का दवाब डाल रहें हैं, जिसके चलते अब प्रताड़ना की सारी सीमाएं पार हो रही हैं और पुलिस से मदद लेने के सिवाए उनके पास कोई चारा नहीं बचा है. लता ने पुलिस से पति के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है.शेफ लता टंडन हुई घरेलू हिंसा का शिकारपति पर गंभीर आरोप-शेफ लता टंडन ने मीडिया से बात करते हुए कहा की वह अपने पति मोहित टंडन के घर गईं, लेकिन उसने गंदे और अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए उनकी बेज्जती की और घर से बाहर निकाल दिया. उन्होंने बतायाड कि पति का चार महीने से किसी शादीशुदा महिला के साथ अवैध संबंध है. जब उसे इस बात का पता चला तो परिवार के जरिए सभी ने मिलकर मोहित को समझाने की कोशिश की लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी और अब लगातार धमकियां दी जा रही हैं. शेफ लता टंडन ने पति के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआरशादी की बात करने के बहाने नाबालिग लड़की को बुलाया घर, फिर दो दिन तक किया रेप

क्या है पूरा मामला-संडे रात में लता टंडन अपने पति मोहित टंडन जिनकी उम्र 41 साल है के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची. उनके साथ उनकी मां ज्योती डिगवानी भी थीं. लता ने कहा कि उनकी शादी साल 2005 में हुई थी और इस संबंध से उनका 15 साल का एक बेटा है. बच्चे की पढ़ाई के लिए वो इंदौर शहर में रहती हैं. इसी दौरान उन्हे अपने पति के अवैध संबंध का पता चला. पति अब उन्हे मेंटल और फिजिकल रुप से परेशान कर रहा है. इतना ही नहीं मोहित ने चार महीने से भी ज्यादा समय से बच्चे की पढ़ाई का खर्च भी नहीं दिया. इन सब से तंग आकर वो अपनी मां और भाई के पास आईं. परिजन के साथ लता पुलिस के पास आकर अपनी आपबीती बता कर न्याय की मांग कर रही हैं. मामले में एफ आई आर दर्ज कराया. पुलिस ने आईपीसी की धारा 498 के तहत एफ आई आर दर्ज किया है और अधिकारियों ने मदद का भरोसा दिया है

रिकॉर्ड कुकिंग मैराथन में तोडा था विश्व रिकार्ड-कुछ साल पहले लता टंडन दुनिया की एक ऐसी शेफ चुनी गईं थीं जिन्होंने सबसे अधिक समय तक लगातार भोजन पकाकर वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम कर किया था. 2 वर्ष पहले 85 घंटे तक लगातार भोजन पकाकर यह उपलब्धि हासिल की थी. लांगेस्ट कुकिंग मैराथन (इंडिविजुअल) रीवा में आयोजित किया गया था और इस कुकिंग मैराथन को सत्यापित करने के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम रीवा आई थी. दोनों की ओर से उसी समय शेफ लता टंडन को प्रमाण पत्र दिए गए थे.

विवादित चर्चाओं में रहने वाला के जे एस सीमेन्ट प्लांट पर राहू की क्षत्र छाया सीटू यूनियन ने डारा डेरा

मैहर। सीमेंट मजदूर एकता यूनियन सीटू के राष्टीय आवाहन पर दिनांक 28 मार्च 2022 को केजेएस गेट के सामने श्रमिकों की विभिन्न मांगों जैसे मिनिमम वेज ड26000 होना चाहिए साथ रिटायर के बाद जो पेंशन ढाई हजार मिलती है उसको बढ़ती हुई महंगाई के अनुसार अवलोकन करके सुधार किया जाए साथ ही तीन काले श्रम कानून जो लागू होने वाले हैं उसे वापस लेने के विरोध में सभी श्रमिक एकत्रित हो कर प्रदर्शन किये जिसमें कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता सिटू यूनियन के प्रदेश महासचिव कॉमरेड प्रमोद प्रधान और जिला समन्वय इकाई के अध्यक्ष कॉमरेड वीरेंद्र रावल कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केजेएस सीमेंट मजदूर यूनियन के अध्यक्ष मनीष शुक्ला महासचिव पुष्पेंद्र सिंह सह महासचिव नीलेश्वर गुप्ता कोषाध्यक्ष सुनील कुशवाहा साथ ही युवा नेता मंटू उपाध्याय , उपाध्यक्ष रंजीत सिंह भरत द्विवेदी मोहम्मद खलील ,संदीप नामदेव सचिव अंकित गौतम सहित हज्जरों की तादात में श्रमिकों का जमावडा रहा।।

कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष में बूथों को स्वाबलंबी बनाएं कार्यकर्ता :प्रदेश मंत्री राजेश

नव प्रदेश सीधी। कुचवाही, बहरी, सिहावल, सोनवर्षा, सेमरिया, सीधी नगर तथा बरमबाबा मंडलों की बैठक भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्र शरण सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। दो दिन तक अलग-अलग काल खंडों में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी श्री पाण्डेय ने कहा कि आजादी के स्वर्णिम वर्ष एवं श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष में संगठन को बूथ स्तर पर स्वाबलंबी बनाने का कार्य, कार्यकर्ता पदाधिकारी पूरी ताकत के साथ कर रहे हैं।बूथ समितियां इसे जीवंत एवं निरंतर प्रवाह मान रखें। हमारे पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद बीडी शर्मा जैसा करिश्माई नेतृत्व है। अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्र शरण सिंह चौहान ने गत दिनों संपन्न हुए कार्यक्रम की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना करते हुए कहा कि हमें परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए प्रत्येक बूथ में पार्टी को नंबर एक बनाना है। कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र मणि दुबे ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा बिक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, पुनीत पांडे , राजेश्वर पटेल, धर्मेंद्र शुक्ला, संजय सिंह चौहान, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, सूर्य प्रताप सिंह सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयुष्मान कला समिति ने किया कलाकारों को सम्मानित

आयुष्मान कला समिति में हुई सुंदर लोकगीतों की प्रस्तुति

नव प्रदेश सीधी। लोकगीतों की प्रस्तुति देने वाले आयुष्मान कला समिति कलाकार केशू सिंह, प्राची मिश्रा, स्वाति तिवारी, समीक्षा तिवारी ने श्रीमती अजीता द्विवेदी संगीत शिक्षिका के निर्देशन में होली गीत, सुहाग गीत, गैलहाई लोकगीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दी, जिसमे ढोलक पर रिदम एकादमी के संगीत शिक्षक अवतार कृष्ण जी रहे, साथ में अभितांजल मिश्रा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्रीमती लक्ष्मी सितानी, दिलीप सितानी, पंकज द्विवेदी, अमन द्विवेदी एवं श्रीमती अजीता द्विवेदी ने आयुष्मान कला समिति के सभी लोकगीत गाने वाले कलाकारों को नगद राशि एवं उपहार देकर सम्मानित किया।आपके बता दें आयुष्मान कला समिति में बच्चियों को लोक गीत सिखा कर तैयार किया जाता है, साथ ही इनकी प्रस्तुति बड़े-बड़े मंच पर कराई जाती है जैसे- शासकीय कार्यक्रम भारत पर्व, कालिदास समारोह, संस्कार भारती, गायत्री शक्तिपीठ आदि अवसरों पर बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियां दी जाती हैं। जो बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए सुखदाई है, कला के विना जीवन सुना है। आगे आने वाले समय में आयुष्मान कला समिति द्वारा बच्चों एवं महिलाओं को गीत संगीत का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही कंप्यूटर, सिलाई ,कढ़ाई ,बुनाई का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

विंध्य प्रीमियर लीग के फाइनल में शहडोल ने मारी बाजी,जय जय विंध्यप्रदेश के नारों से गूंजा अलाउद्दीन खाँ स्टेडियम

नव प्रदेश मैहर।। वैसे तो विधायक नारायण त्रिपाठी का हर आयोजन ऐतिहासिक होता है लेकिन इस विंध्य प्रीमियर लीग का आयोजन अलौकिक था,ऐसी भव्यता जो इंटरनेशनल क्रिकेट में देखने को मिलती है आज वह मैहर के अलाउद्दीन खाँ स्टेडियम में देखने को मिली। अतिथियों और दर्शकों से भरा खचाखच स्टेडियम आज आयोजन के सफलता की गवाही बना। विधायक ने दोनों विजेता और उप विजेता टीम टीमो के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही आयोजन के समय तय विजेता टीम को 5 लाख रु और उप विजेता टीम को दो लाख रु की राशि का चेक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। मैहर विधायक ने आयोजन की समाप्ति पर एकबार पुनः तमाम विंध्य वासियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आगामी 4 अप्रैल को विंध्य प्रदेश स्थापना दिवस के पावन अवसर पर इस दिन को भी इतने गरिमामय ढंग से मनाने की अपील की है जिससे हमारी सरकारों का ध्यान आकृष्ट हो और पुनः विंध्य का निर्माण हो सके। 4 अप्रैल के दिन सभी विंध्यवासी सुन्दरकाण्ड का पाठ कर संध्याकाल अपने अपने घरों के सामने एक दीपक विंध्य के नाम जलाए जाने की अपील की है।

पत्रकारों एवं व्यापारियों को सब्जी - फल मण्डी एसोसिएशन ने किया सम्मानित

व्यापारियों को सब्जी फल व्यापारी से एकता कि लेनी चाहिए सीख : लालचंद

नव प्रदेश सीधी। सीधी। सब्जी फल मंडी एसोसिएशन अध्यक्ष अमित गुप्ता द्वारा होली मिलन एवं सम्मान समारोह बीती शाम को शक्ति पैलेस में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के वरिष्ठ पत्रकार, व्यापारी संघ के वरिष्ठ सदस्यो पदाधिकारियों को शाल - श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एसोसिएशन के युवा कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं सभी को टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।व्यापारी संघ सीधी के जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा की जिस तरह सब्जी फल एसोसिएशन के सभी थोक फुटकर एवं छोटे व्यापारियों द्वारा जिस तरह इस 7 दिन के बंदी में अभूतपूर्व अपना सहयोग दिया, यह हर एक व्यापारियों के लिए बहुत बड़ी सीख दी है, कि अगर ये अपनी जायज मांगों के लेकर प्रशासन को जगाने के लिए 7 दिनों का लंबा संघर्ष अपनी दुकानों को बंद करके कर सकते हैं तो हर कोई व्यापारी इनसे सीख ले कर अपनी मांगों के लिए खड़ा हो सकता है, श्री गुप्ता ने कहा कि इन व्यापारियों को तोड़ने की लोगों ने अथक प्रयास और प्रलोभन दिए गए, जो विफल रहा और मैं इनके एकता, साहस और जज्बे को सलाम करता हूं कि ये सब एक होकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाये।एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने सभी फल एवं सब्जी के व्यवसायियों एवं व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता व पत्रकार, एवं व्यापारिक संघ के पदाधिकारी और सदस्यो के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान लाल चंद गुप्ता, देवेंद्र सिंह मुन्नू, हजारी लाल गुप्ता, चंद्रभान बसंतानी, सुखलाल गुप्ता, विनोद मिश्रा, कमल कामदार, भीम कामदार, दिलीप शितानी, राम कुमार सोनी, मो. इलियास खान पप्पू , मुन्नू कुमार जयसवाल, सुनील कामदार, इंद्रमणि प्रसाद गुप्ता, राजेश साहू, गौरव खत्री, एवं राजेश कुशवाहा सहित सैकड़ों थोक फुटकर फल सब्जी व्यापारी उपस्थिति रहे।

जल अभावग्रस्त नगर पन्ना मे क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों से नालियों में बह रहा पानी कागजों तक सीमित सुधार कार्य

निर्माण कार्यो पर लगाया जाये प्रतिबंध, सर्विसिंग स्टेशनो पर नियम का कडाई से किया जाये पालन

पन्ना। नगर के साथ-साथ संपूर्ण जिले में अल्प वर्षा की वजह से पर्याप्त पानी एकत्रित नहीं होने से गर्मियां शुरू होने से पहले ही पेयजल समस्या उत्पन्न हो चुकी थी जो गर्मियां बडने के साथ विकराल रूप धारण करती जा रही है, कलेक्टर संजय कुमार मिश्र द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है, पानी की बर्बादी वाले समस्त कार्य प्रतिबंधित किए गए हैं इसी के साथ ही छतिग्रस्त पाइप लाइनों से बहने वाले पानी को रोकने के लिए सुधार के निर्देश दिए गए हैं इसके बाद भी नगर पालिका और पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया जा रहा और प्रतिदिन हजारों गैलन पानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों से बहकर नालियों में पहुंच रहा है, बताया गया है कि नगरपालिका और पीएचई विभाग के इंजीनियर द्वारा चंद स्थानों की पाइप लाइन सुधार करवा कर खानापूर्ति कर दी गई है, इसके अलावा अन्य स्थानों के सुधार कार्य कागजों तक सीमित है जिससे पानी की बर्बादी जारी है एक ओर लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं तो दूसरी ओर शुद्ध पेयजल नालियों में बह रहा है तथा अनेक स्थानो पर सीधी तालाब वाली लाईन होने के कारण पूरे दिन नल आता है और नलो से अनेक होटलो, दुकानो मे पानी बहता हुआ देखा जा सकता है। प्रतिबंध के बावजूद सर्विसिंग स्टेशनो पर धुलाई कार्य लगातार जारी है जबकी कलेक्टर द्वारा सर्विसिंग स्टेशनो मे पाईप लाईन से धुलाई कार्य के लिए प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन नगर पालिका के जिम्मेवार कर्मचारीयों द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है। दूसरी ओर निर्माण कार्य भी व्याप्क स्तर पर चल रहें है जिनमे भारी मात्रा मे पेयजल का इस्तेमाल हो रहा है। शासकीय तथा निजी निर्माण कार्यो पर भी रोक लगाई जानी चाहीए।

धरमपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो मे लगातार चल रहा अवैध रेत का कारोबार

स्थानीय पुलिस तथा सत्ताधारी दल के नेता है शामिल

पन्ना

जिले की अजयगढ तहसील अन्तर्गत धरमपुर थाना क्षेत्र से निकली रून्ज तथा बाघे नदी के किनारे बसे ग्रामो मे के क्षेत्रो से प्रतिदिन दर्जनो ट्रक रेत अवैध रूप से निकल रही है। उक्त अवैध कारोबार मे धरमपुर थाना की पुलिस तथा कुछ स्थानीय भाजपा के नेता शामिल बताये जा रहें है जो अपने स्थानीय लोगो के माध्यम से लगातार रात्रि के समय ट्रको, टैक्टरो, डम्फरो से उत्तर प्रदेश तथा सतना जिले मे भेजते है जिन ग्रामो से रेत निकल रही है उनमे अमरछी, तुलापुर, खोरा आदि से रेत निकाली जा रही है तथा अजयगढ तहसील के ग्राम भदईया पंचायत के ग्राम मालीपुर मे डम्प बनाकर धरमपुर थाना के नरदहा पुलिस चौकी के रास्ते से ट्रक निकाले जाते है। पूर्व मे राजस्व तथा पुलिस की टीम द्वारा भी कुछ स्थानो का दौरा किया था जहां पर भारी मात्रा मे रेत के ढेर लगें हुए पाये गयें थें। लेकिन उक्त टीम द्वारा क्या कार्यवाही की गई यह आज तक उजागर नही किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रेत खदाने बन्द कर देने से शासन की रॉयल्टी मे भारी नुकसान हुआ है तथा चोरी से लगातार रेत का अवैध कारोबार चल रहा है।

नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखने

प्रतिबंधात्मक आदेश जारी,आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डनीय

तेंदूखेडा। नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखने, जन सामान्य के हित सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा पर्यावरण की हानि को रोकने एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्ण चैतन्य ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत दमोह जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डनीय होगा। पर्यावरण विभाग द्वारा नोटिफिकेशन से नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित करके दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान है। यह आदेश दमोह जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा के अंतर्गत जन सामान्य के जान-माल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोक शांति भंग होने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है, लेकिन जिले में निवासरत् प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिश: तामील कराया जाना संभव नहीं है। अत: दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के अंतर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है। सार्वजनिक माध्यमों, इलेक्ट्रानिक मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से यह आदेश सर्व साधारण को अवगत कराया जा रहा है। जारी आदेश में कहा गया है भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की सेटेलाईट मेंपिग की जा रही है। राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति 2014 के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधक हेतु जिला स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। वर्तमान में फसल की कटाई प्रारंभ हो चुकी है। गेंहू एवं अन्य फसलों के डंठलों (नरवाई) में आग लगाये जाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। जिले में गेंहू की नरवाई से कृषक भूसा प्राप्त करना चाहते हैं, तो उनकी मांग को देखते हुये स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के स्थान पर स्ट्रा रीपर के उपयोग को अनिवार्य किया जा सकता है। अर्थात कंबाईन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रहना अनिवार्य रहेगा। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग दमोह ने अवगत कराया है, कि प्रदेश में धान एवं गेहूं मुख्य फसल के रूप में ली जा रही हैं। उक्त फसलों की कटाई मुख्य रूप से कंबाईन हार्वेस्टर के माध्यम से की जाती है। कटाई उपरांत फसलों की नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि होने पर भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी होती है, तथा पर्यावरण गंभीर रूप से प्रभावित होता है।

सडको पर घूम रहे आबारा पशु-गौ शालाओं को करोडो की राशि जारी

जिले की 16 गौशालाओं के लिए अनुदान राशि स्वीकृत

पन्ना/जहां एक ओर सरकार द्वारा गौ शालाओ को करोडो रूपये की राशि अनुदान के रूप मे पशु पालन विभाग के माध्यम से जारी की जा रही है वहीं दूसरी ओर सडको पर आबारा पशु मारे मारे घूम रहें है क्यो कि अधिकांश गौ शालाए कागजो पर संचालित हो रही है। सिर्फ शासन से अनुदान प्राप्त करके गौ शाला संचालन की औपचारिकता पूरी की जा रही है पन्ना जिले मे विभिन्न माध्यमो से 16 गौ शालाये संचालित की जा रही है। जिला मुख्यालय से लेकर गांव गांव मे पशुओं के झुण्ड देखे जा सकते है। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में संचालित 16 गौशालाओं में भूसा, दाना के लिए अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इनमें श्री विद्यासागर गौरक्षा एवं संवर्धन पवई को 49 लाख 49 हजार 235 रूपये, श्री राम असहायक जन चैरिटेबिल सोसायटी झिन्ना अजयगड को 4 लाख 63 हजार 905 रूपये, शासकीय कृषि प्रक्षेत्र गौशाला अजयगड को 91 हजार 500 रूपये, शासकीय कृषि प्रक्षेत्र गौशाला भैसवाही-गुनौर को 96 हजार 75 रूपये, श्री सिद्धनाथ गौसेवा सदन देवगांव अजयगड को 5 लाख 505 रूपये, प्रबंधक पशु आहार संयंत्र सिरौंजा सागर को सुदाना पशु आहार के लिए 20 लाख 33 हजार 740 रूपये, मनरेगा गौशाला लुहरहाई-पन्ना को 1 लाख 7 हजार 360 रूपये, मनरेगा गौशाला बडागांव-पन्ना को 93 हजार 940 रूपये, मनरेगा गौशाला चांदा राजपुर-पन्ना को 74 हजार 420 रूपये, मनरेगा गौशाला सिंहपुर-अजयगड को 1 लाख 22 हजार रूपये, मनरेगा गौशाला खोरा-अजयगड को 1 लाख 24 हजार 440 रूपये, मनरेगा गौशाला पिस्टा-अजयगड को 1 लाख 19 हजार 560 रूपये, मनरेगा गौशाला मोहाना-अजयगड को 1 लाख 19 हजार 560 रूपये, मनरेगा गौशाला रैपुरा-शाहनगर को 30 हजार 500 रूपये, मनरेगा गौशाला बघबारकला-शाहनगर को 24 हजार 400 रूपये, मनरेगा गौशाला आमा-शाहनगर को 1 लाख 31 हजार 760 रूपये, मनरेगा गौशाला-शाहनगर को 1 लाख 29 हजार 320, मनरेगा गौशाला रैयासांटा-शाहनगर को 85 हजार 400 रूपये, मनरेगा गौशाला मोहन्द्रा-पवई को 1 लाख 15 हजार 900 रूपये, मनरेगा गौशाला कल्दा-पवई को 1 लाख 22 हजार रूपये, मनरेगा गौशाला बनौली-पवई को 1 लाख 15 हजार 900 रूपये, मनरेगा गौशाला झरकुआ-गुनौर को 1 लाख 15 हजार 900 रूपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है प्राप्त राशि का व्यय लेखा एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस राशि से गौवंश हेतु भूसा, दाना क्रय पर खर्च किया जाएगा।

दो दिन से बघवारी के जंगल में लगी आग कई हेक्टेयर जंगल हुआ खाक

नव प्रदेश सीधी। पहाड़ पर कई हेक्टेयर जंगल में आग लगने से पेड़ पौधे जलकर खाक हो गये वहीं दूसरी ओर सरसों की कटी फसल में भी भीषण आग लगने की आशंका बताई जा रही थी. बढ़ती आग की घटनाओं से किसान चिंतित हैं.

कई हेक्टेयर जंगल में लगी आग पेड़ पौधे जलकर खाक, सरसों और गेहूं की फसल भी आग की चपेट में, आते आते बचे इस समय सीधी के कई गावों में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं. किसान चिंतित हैं क्योंकि गर्मी का सीजन है. कई गांव में खेतों पर सरसों और गेहूं की खड़ी फसलें लगी हुई हैं जिससे आगजनी को लेकर किसान चितिंत हैं. बता दें कि सीधी जिले के

जमोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला

मुख्यालय से महज 10 किलो मीटर बघवारी गांव मेंरविवार साम करीब चार बजे ही जंगल में अचानक आग ग्रामीणों को दिखाई देती है. देखते ही देखते आग पूरे जंगल को चपेट में ले लेती है और कई हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो जाता है. आग की लपटें देखकर ग्रामीण इकट्ठा होकर आग को बुझाने का प्रयास किया साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई. की कहीं आग खेतो में न पहुंच जाए खेत के चारों तरफ सूखी फसल खेतों में खड़ी हुई है, जिससे बड़ी आगजनी होने की संभावना हो सकती थी.हालांकि फायर ब्रिगेड समय से गांव में नहीं पहुंची और नही फारेस्ट के कर्मचारी समय से पहुंच पाए. ग्रामीण ही अपने स्तर पर आग पर काबू पाने में जुटे रहे. दोपर के बाद फारेस्ट कर्मचारी आकर आग मे काबू पाने का प्रयास कर रहें आग इतनी जादा फैल चुकी थी की अभी तक प्रयास जारी थामिली जानकारी के अनुसार आग लगने का मेन कारण जंगल में महुआ का पेड़ बताया जा रहा है क्योंकि गर्मी आते ही महुआ गिरने लगता है और ग्रामीण महुआ के पेड़ के नीचे की खर पतवार साफ करने के लिए आग लगाता है जिससे महुआ ठीक से बिना जा सके

मोटरसाइकिल की टक्कर से 5 वर्षीय बालिका घायल

पन्ना। जिले के सलेहा थाना अंतर्गत एक 5 वर्षीय बालिका के मोटरसाइकिल की टक्कर से गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है, घायल बालिका के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि रागिनी आदिवासी पिता चंदन आदिवासी उम्र 5 वर्ष निवासी ग्राम बछौन अपनी मां के साथ पैदल पवई बाजार करने जा रही थी तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से घायल बालिका को जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा बालिका का एक पैर फैक्चर बताया जा रहा है, बालिका का इलाज जिला चिकित्सालय में जारी है।

पिपरिया चंपत गांव में जल मेला का आयोजन

तेंदूखेडा/दमोह। ग्रामीण स्तर पर विश्व जल दिवस का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य बच्चों और गांव वालों में जल की समस्या को हल करने के तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करना हैइसी क्रम में आज पथरिया ब्लाक के पिपरिया चंपत गांव में जल संकट को ध्यान में रखते हुए स्कूल के बच्चों के द्वारा जल मेला का आयोजन करके विश्व जल दिवस मनाया गया जिसका उद्देश्य भूजल स्तर को बढ़ाने के तरीकों के बारे में लोगों को बताना था। बच्चों द्वारा बेहद खूबसूरत मॉडल तैयार किए गए जो भूजल स्तर बढ़ाने के ऊपर बनाए गए थे। शिक्षा टीम से नित्या त्रिपाठी, स्वास्थ्य टीम से आदित्य जैन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसी बीच महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड से अरुण खरे, आशीष पटेल, हल्द्वानी के अमृत पटेल की जल विकास कार्यों की सराहना करते हुए पीरामल फाउंडेशन विश्व जल दिवस प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनके प्रयास से कई खेत तालाब बनाए गए और भूजल के मांग एवं खर्च का लेखा बनाया गया।

जैसा कि हम जानते हैं कि भूजल स्तर के संकट में होने की वजह से जिला कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य ने भी कड़े कानूनों को पारित किया है, ताकि दमोह जिले के भूजल स्तर में सुधार आ सके ऐसे में व्यवहार परिवर्तन जागरूकता अभियान का चलाना अत्यंत आवश्यक है।इस कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से सुंदरम पटेल, माध्यमिक शाला के हेड मास्टर राकेश सिंह, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं पूरी पिरामल फाउंडेशन टीम मौजूद रही।

लाखो रुपये की लॉगत से बना धान उपार्जन केंद्र में आई दरारे, ग्राम पंचायत माडनखेडा का मामला

तेंदूखेडा/दमोह । जिला दमोह की जनपद पंचायत तेंदूखेडा की ग्राम पंचायत माडनखेडा जोकि मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर है।ग्राम पंचायत माडनखेडा में पिछले दिनों करीब सात लाख रुपये की लागत से एक धान उपार्जन केंद्र बनाया गया था ।जो की आज उपयोग से पहले उसमे दरारे दिखने लगी है।धान खरीदी के लिए बनाया गया चबूतरा सरपँच ओर सचिव की मिलीभगत से भृष्टाचार की भेंट चड गया है।लाखो में बना उपार्जन केंद्र जिसमे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और तराई की कमी के कारण भी इसमे दरारे दिखनी लगी है।सरपँच सचिव द्वारा इसके निर्माण के समय स्टीमेट के अनुसार सामग्री का उपयोग नही किया है ओर उपयंत्री की मिलीभगत से इस जर्जर निर्माण के लिए लाखो रुपये निकाल लिए।जो कि गेर कानूनी हैं।अगर कोई ब्यक्ति इसकी जांच करना चाहे तो कोई फायदा नही होगा क्योकि तेंदूखेडा सीईओ जांच के नाम पर लोगो से आवेदन तो ले लेते हैं मगर जाचबिल्कुल भी नही करत

वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

तेंदूखेडा/दमोह । म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला जज रेणुका कंचन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 25 मार्च को स्थानीय वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रबंधक वीरन असाटी, पीएलव्ही प्रभात सोनी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी गुंता डांगे ने कहा बुडापा/वृद्धावस्था जीवनकाल की ऐसी अवस्था है जो हर व्यक्ति के जीवन में आना तय है। यदि कोई यह सोचता है कि वह अपने जीवन में वृद्ध नहीं होगा तो वह उसका सबसे बडा भ्रम है, वृद्धजनों को मात्र प्रेम एवं संवेदनशीलता की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि वृद्धजन अपने जीवन में किये गये कार्यो के परिणाम से वाकिफ होते है जब-जब नवयुवकों को कोई समस्या आती है तो आप जैसे वृद्धजन अपने पुराने अनुभवों के आधार पर उन समस्याओं का निराकरण करने हेतु सरल एवं सस्ता मार्ग बताकर नवयुवकों को समस्या से निजात दिलाते है। उन्होंने वृद्धजनों के अधिकारों की सुरक्षा के लिये बनाये गये ''माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के बारे में बताते हुए कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत वृद्धजन अपने भरण-पोषण एवं अपनी सम्पत्ति सुरक्षा के लिए एस.डी.एम. के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते है तथा उपस्थित वृद्धजनों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई एवं अन्य समस्या सुनी गई उनके निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाये गये।

भृष्टाचार की भेंट चडा स्वछता परिसर ग्राम पंचायत माडनखेडा का मामला सरपंच सचिव की हुई बल्ले बल्ले

तेंदूखेडा/दमोह। जिला दमोह की जनपद पंचायत तेंदूखेडा कि ग्राम पंचायत माडनखेडाजो कि मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर है।जहाँ पर सरपँच सचिव द्वारा भारी भृष्टाचार किया गया है ओर सरकारी राशि का बन्दर बाट कर लिया।ग्राम पंचायत माडनखेडामें स्वछता मिशन के अंतर्गत 3लाख 75 हजार रुपये की लागत से एक सामूहिक स्वछता परिसर बनाया जा रहा है जो कि लगभग दो वर्षों से बनाया जा रहा है।मगर आज दिनाक तक अधूरा पडा हुआ है जितना भी बनाया गया है उसमें भी गुणवत्ता से खिलवाड किया गया है।दीवारों में दरारे दिखने लगी है इर जो भवन की मजबूती

की गारंटी होती है वह होता है कालम,जो इस निर्माण में कालम दीवारों से अलग दिख रहा है।इसका मतलब की सामग्री बिल्कुल घटिया किस्म कि स्तेमाल की गई है।ग्रामीणों ने बताया कि सीमेंट ओर रेत निम्न स्तर के थे ग्रामीणों के अनुसार इस भवन पर एक भी दीन तराई नही की गई है।इसलिए भवन में जान नही दिख रही है। इतने समय गुजर जाने के बाद भी

निर्माण अभी अधूरा पडा हुआ है।इस परिसर में सिलिग में छपाई नही हुई है और अंदर की दीवारों में पुताई नही करवाई गई है।और जरूरी दरवाजे नही लगे हुए हैं।भवन में अभी पानी और लाइट कि फिटिंग नही करवाई गई है।परिसर के सामने वाली दीवार पर कलर पेंटिग करके सरपँच सचिव ने उपयंत्री के साथ मिलकर राशि को निकाल लिया गया है।

जीवन में मुकाम हासिल करने के लिए डिग्री ही नहीं अच्छे आचार विचार और संस्कार भी जरूरी : सुश्री उइके

■ राज्यपाल के हाथों 238 उपाधिधारक सम्मानित

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा का प्रथम दीक्षान्त समारोह गरिमामय सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके आज संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षान्त समारोह में शामिल हुई। सुश्री अनुसुईया उइके ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन का काल वह महत्वपूर्ण समय है जब हमारे अंदर जीवन के सभी संस्कारों और क्षमताओं का निर्माण होता है। इस अवस्था में हमें जो ''ज्ञान'' मिलता है वह हमें सुसंस्कृत, सौम्य और संयमी बनाता है। जीवन के संकटों से लड़ने में हमारी मदद करता है। ज्ञान केवल उपाधियों तक सीमित नहीं होता है। ज्ञानार्जन आजीवन चलता रहता है। जिसने सीखना बंद कर दिया, वह अधूरा ही रह जाता है। सुश्री उइके ने कहा कि विद्यार्थियों के परिश्रम और उनके पालकों के संस्कार का प्रतिफल है कि आज उन्हें यह सुखद अनुभूति हो रही है। डिग्री लेना अपने आप में जीवन की बड़ी उपलब्धि होती है लेकिन सफल मुकाम हासिल करने के लिए सही आचार विचार और संस्कार का होना बेहद जरूरी है। विद्यार्थीगण इनके अंगीकरण से समाज और देश के लिए मिषाल पेश करें। विद्या को केवल अपने तक सीमित न रखें बल्कि विद्या के द्वारा समाज निर्माण में योगदान दें।

उन्होंने कहा कि संत गहिरा गुरु ने जनजाति समाज के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। संत गहिरा गुरु के विचारों को आत्मसात करें और निरंतर आगे बढ़ें। इस विष्वविद्यालय को संत गहिरा गुरू के जनजातीय उत्थान के कार्य को और भी विस्तारित करना होगा। इस अंचल में जनजातियाँ बड़ी संख्या में निवास करती है। इन्हें शिक्षा सम्पन्न, स्वावलंबी और रोजगार युक्त करना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। अच्छी शिक्षा से ही इनका जीवन उन्नत होगा, पिछड़ापन मिटेगा।

छत्तीसगढ़ के संपूर्ण विकास के लिए विष्वविद्यालय को अपनी आकादमिक गतिविधियों से आगे बढकर सामाजिक सरोकारों और स्थानीय आवष्यकताओं से स्वयं को जोड़ते हुए नवाचार को बढावा दें और शिक्षा के माध्यम से अंचल को सुसंस्कृत, सुशिक्षित बनाएं। उन्होंन कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने विकसित भारत का जो स्वप्न देखा था, वह अच्छी शिक्षा के द्वारा ही संभव होगा। उनके मार्ग पर चलें उनका अनुसरण करें और उनके सपनों को साकार करनें का प्रयास करें।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाएं विद्यार्थियों के विकास में अमूल्य योगदान देती हैं। उपाधी धारकों को उन्होंने कहा कि यह आपके जीवन का स्वर्णिम कदम है ,इस षिक्षा और ज्ञान से आप विष्व को चमत्कृत कर सकते हैं। आजादी का यह अमृत वर्ष आपके जीवन का प्रारंभिक वर्ष होने जा रहा है। आपकी आज की शिक्षा ही यह तय करेगी कि 2047 में जब हम आजादी के सौ वर्ष पूरे करेंगे ,तब हम कहा होंगे। आपके आत्मनिर्भर होने से ही देश आत्मनिर्भर होगा। समस्त उपाधि प्राप्त कर्ताओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा आप निरंतर अपने ज्ञान को बढ़ाएं और देष निर्माण में योगदान दें।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि महान संत और समाज सुधारक के नाम पर संत गहिरा गुरु के नाम पर विश्वविद्यालय नाम होना गर्व की बात है। यह समारोह प्रदेश के दूरस्थ आदिवासी अंचल में उच्च शिक्षा के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और परिपूर्णता का प्रतीक है। उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन सभी छात्रों के जीवन का यह अविस्मरणीय अवसर है। यह विश्वविद्यालय संभाग के 5 जिलों के 75 महाविद्यालयों में सबसे बड़ा शिक्षा संस्थान है।

दीक्षांत समारोह के मुख्य वक्ता गिरीश पंकज ने कहा कि यह समारोह दीक्षा का अंत नहीं बल्कि शुरुआत है। दीक्षांत जीवन में आगे बढ़कर कैसे जीवन जीना है यह बताता है। हमें जीवन में अपने पारंपरिक मूल्यों से सदा जुड़े रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति जन्मभूमि को माता कहना सिखाती है। उन्होंने कहा कि स्वदेश से प्रेम करेंगे तभी हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि बड़प्पन ही हमे बड़ा बनाता है। युवा पीढ़ी को बडप्पन को आत्मसात करना चाहिए। सरगुजा विश्वविद्यालय से निकलने वाले विद्यार्थी सरगुजा के माटी को भी रोशन करेंगे। कुलपति अशोक सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा वह माध्यम है जिससे जीवन हर मुकाम हासिल किया जा सकता हैं। मेरी यह इच्छा है कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है उसी प्रकार एक दिन यह ज्ञान का कटोरा भी कहलाए। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के ऑडिटोरियम भवन में आयोजित दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के 231 उपाधिधारकों को स्वर्ण पदक, 5 पीएचडी उपाधिधारकों और 2 मानद उपाधिधारकों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ शोभायात्रा, दीप प्रज्ज्वलन, कुलगीत गायन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ के ख्यातिप्राप्त भित्ति चित्र कलाकार स्व. सुन्दरी बाई व वृक्षमित्र स्व. ओपी अग्रवाल को मरणोपरांत मानदउपाधि प्रदान की गई। समारोह में राज्यपाल को कुलपति अशोक सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त आलोक चंद्राकर और उनके परिजनों को बंधाया ढांढस

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद के प्रवास के दौरान पूर्व ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष आलोक चंद्राकर के घर पहुंच कर उनके सुपुत्र लक्ष्य चंद्राकर के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लक्ष्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और आलोक चंद्राकर और उनके शोकसंतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे भी मुख्यमंत्री के साथ थे। गौरतलब है कि होली के दिन बरोंडाबाजार तालाब में नहाते समय तीन नवयुवक डूब गए थे, जिनमें लक्ष्य चंद्राकर भी थे।

कॉलेजों की परीक्षाएं ऑनलाइन ही होगी

रायपुर/नवप्रदेश। अगले महीने से होने वाले कॉलेजों की परीक्षाएं ऑनलाइन ही ली जाएंगी इसे लेकर सीएम भूपेश बघेल के निर्देशों के बाद मंत्रालय में देर रात तक काम हुआ है और इसके बाद एक प्रस्ताव शनिवार को छत्तीसगढ़ के सीएम को सौंप दिया गया है छत्तीसगढ़ के सीएम मुंबई दौरे से लौटने के बाद आज या कल में विधिवत रूप से आदेश जारी कर दिए जाएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सत्ता में काबिज कांग्रेस सरकार के युवा संगठन एनएसयूआई ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है तथा ऑनलाइन एग्जाम करवाने की मांग की है और छत्तीसगढ़ के सीएम ने भी इस पर 1 से 2 दिन में फैसला देने का आश्वासन दिया है। इसके बाद छत्तीसगढ़ के सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के निर्देशों के बाद शुक्रवार को विभागीय अमला आनंन फानन में मंत्रालय पहुंचकर ऑनलाइन एग्जाम का प्रस्ताव तैयार किया है सूत्रों के मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा का यह फैसला यूजीसी के ताजा रूख के खिलाफ होगा यूजीसी ने इस साल के लिए ऑफलाइन परीक्षा लेने के निर्देश जारी किए थे 31 मार्च के बाद करोना कॉल की सारी पाबंदियां दिया हटा दी जाएंगी।

पार्क में खेलते समय हुई थी करेंट से चिपककर मासूम की मौत, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के राखी थाना क्षेत्र इलाके के सेंट्रल पार्क की दीवाल में लगे पोल के करंट से एक 10 साल की मासूम की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद मैकेनिक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। घटना नवंबर 2021 की है। राखी थाने से मिली जानकारी के अनुसार सेंट्रल पार्क सेक्टर-24 नवा रायपुर में करेंट मोना पाल उम्र 10 वर्ष 23 नवंबर 2021 को सेंट्रल पार्क की दीवाल में लगने से 10 साल की मासूम मोना पाल की मौत हो गई थी। सेंट्रल पार्क के आडोटोरियम के दीवाल में लगे बिजली के नाइट लैंप बाक्स जिसमें करेंट था। जिसे आरोपित विद्युत मकैनिक मोहन लाल ढीढी के द्वारा खुला छोड़कर दिया था। सुरक्षा का उपाय न कर और वहां लगे वायरों की निगरानी नहीं की गई। घटना के बाद स्वजनों ने जमकर हंगामा किया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच बैठाई। घटना की विवेचना के पांच माह बाद पुलिस ने लापरवाही करने वाले मैकेनिक के उतर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करेंगे 29 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शिक्षक संवर्ग/पंचायत सचिव मंच में शामिल 12 संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि सन् 2004 से पुरानी पेंशन योजना बंद होने से देश प्रदेश के लाखों कर्मचारी-अधिकारी सेवानिवृत्ति के उपरांत परेशान थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट सत्र में लाखों कर्मचारियों और अधिकारियों की बहुप्रतिक्षित बंद पेंशन योजना को पुनः बहाल कर सदस्यों के जीवन में खुशहाली लाई है, जिसकी वजह से सम्पूर्ण शिक्षक बिरादरी में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मंच द्वारा बुढ़ापारा इंडोर स्टेडियम में 29 मार्च को दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह एवं आभार प्रदर्शन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त समारोह में संसदीय सचिव चन्द्रदेय राय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के मख्य आतिथ्य में केबिनेट मंत्रियों तथा संसदीय सचिवों का भव्य सम्मान किया जाएगा। पत्रकारवार्ता में 12 शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों में केदार जैन, वीरेन्द्र दुबे, चन्द्रभानू मिश्रा, विवेक दुबे, तुलसी साहू, हरीश देवांगन, चेतन बघेल, संजय तिवारी, लैलूंन भारद्वाज, डॉ. भूपेन्द्र गिलहरे, भूपेन्द्र बनाफर एवं नरेन्द्र ठाकुर शामिल हुए। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक बिरादरी के सदस्य पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद रहे।

छग सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ करेगा बहिष्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के सदस्यों द्वारा प्रदेश के ग्रामों में स्थित औषधालयों में चिकित्सा सेवा के साथ ही शासन प्रशासन द्वारा समय-समय पर अन्य कार्यों का बोझ लादे जाने से चिकित्सा सेवा प्रभावित होती है। इसके साथ ही वर्षो से तृतीय समयमान वेतनमान की पात्रता होने केबाद भी प्रदेश के 14 पशु चिकित्सकों को उक्त सेवा का लाभ नहीं मिला है। राज्यय शासन द्वारा 22 दिसंबर सन 2017 को प्रकाशित राजपत्र में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के लिए 24 कार्यों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा अन्य कार्य राज्य शासन के अधिकारी कराते हैं तो उसका संघ के सदस्य बहिष्कार करेंगे। अनेकों बार ज्ञापन देने के उपरांत भी राज्य शासन के जिम्मेदार अधिकारी अब तक मांगों की पूर्ति नहीं किए हैं। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डीएस भारद्वाज प्रांताध्यक्ष, महामंत्री आदित्य मिश्रा, हेमंत कुमार ध्रुव सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दी।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन द्वारा निर्यात सम्मेलन का किया गया आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 26 मार्च 2022 को होटल हयात, रायपुर में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन द्वारा निर्यात सम्मेलन का आयोजन किया गया।

निर्यात सम्मेलन का शुभारंभ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री माननीय कवासी लखमा द्वारा किया गया जिसमें फि यो के निदेशक अजय सहाय, रीजनल चेयरमेन नंदकिशोर कागलीवाल, उपाध्यक्ष खालिद खान की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, मंत्री शंकर बजाज, योगेन्द्र नारंग, निर्मल पटेल सहित छत्तीसगढ़ के अनेक व्यापारी एवं उद्योगपति उपस्थित थे।

निर्यात सम्मेलन में उपस्थित व्यापारियों, उद्योगपतियों, लघु उद्यमियों को आयात-निर्यात के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय बाजार, एमएसएमई की भूमिका और योगदान, पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा व्यवसाय के विकास का वैश्विक स्तर पर संभावना एवं आयात-निर्यात में होने वाली समस्याओं का समाधान तथा इसके सरलीकरण पर विस्तृत जानकारी दी गई।

निर्यात सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की नीति को दृढ़ता से रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, आज गांवों में स्वसहायता समूह है, युवाओं की टीम है जिन्हें प्रशिक्षण मात्र की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री जी ने आगे कहा कि 11000 पंचायतों में 10500 पंचायतों को चिन्हांकित कर टीम गठित की गई है। पूरे देश को गोबर से धन कमाने की कला को सिखाया है। आज स्वसहायता समूहों द्वारा वर्मी कम्पोस्ड खाद बनाया जा रहा है, गुलाल बनाया जा रहा है, बिजली उत्पादन के नए प्रयास किए जा रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने आगे कहा कि आप एक कदम बढ़ाते हो तो दूसरे चार कदम आगे चलकर आते हैं। उन्होंने निर्यात सम्मेलन में उपस्थित समस्त व्यापारियों एवं उद्यमियों का धन्यवाद कर आव्हान किया की आप सभी आएं और प्रदेश में निर्माण और निर्यात को बढ़ाएं।निर्यात सम्मेलन में छत्तीसगढ़ चेम्बर के द्वारा प्रदर्शनी में श्री शंकर बजाज द्वारा ख्याति इंडस्ट्रीज प्रा. लि., श्री योगेन्द्र नारंग द्वारा मैग्नीरो ग्लोबल प्रा.लि. एवं श्री नीलेश मूंधड़ा द्वारा अष्टधातु फेरो मेटल्स प्रा.लि. के अलावा विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाये गये। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ को लौह, पॉवर एवं सीमेंट तथा धान के उत्पादन के लिए सम्पूर्ण भारत वर्ष में सबसे अग्रणी राज्य में जाना जाता है, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों के हितार्थ लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जिसके तहत आज आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में छत्तीसगढ़ के बहुत से लघु उद्यमियों ने अपने उत्पादों को किसी न किसी के माध्यम से निर्यात करना शुरू किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा इसके लिए कंट्री ऑफ ओरिजिन सर्टिफिक्केट दिया जाता है।

राजेन्द्र जग्गी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन के निर्देशक एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद करते हुए फियो से अनुरोध किया कि एक वृहद एक्सपो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लघु उद्यमियों के लिए आगामी दिनों में आयोजित किया जाय ताकि छत्तीसगढ़ प्रदेश के लघु उद्यमियों को आयात-निर्यात की जानकारी प्राप्त सके।

हॉकी स्पर्धा में कोरबा पश्चिम ने बनाई एकतरफा बढ़त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व्दारा अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आगाज आज राजधानी रायपुर के सांइस कालेज स्थित हॉकी स्टेडियम में किया गया। पूरे प्रदेश के आठ क्षेत्रों से पॉवर कंपनी की टीमें इसमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन कोरबा पश्चिम की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और लीग मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। अंक तालिका में बढ़त बनाते हुए वह सबसे आगे हो गई है। 28 मार्च तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में आज लीग मैच शुरु हुए। रायपुर सिटी सर्कल के कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम के मुख्य आतिथ्य में स्पर्धा प्रारंभ हुई। उन्होंने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना को सर्वोपरि बताते हुए इसे जीवन का अभिन्न अंग निरूपित किया। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। क्रीड़ा परिषद के ऋषि कुमार बंछोर ने बताया कि पहले दिन के मैच में रायपुर सेंट्रल और कोरबा पूर्व में कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें दो-दो गोल के साथ मैच टाई हो गया। दूसरा मैच राजनांदगांव और मड़वा की टीम के बीच हुआ, यह मैच भी 1-1 गोल के साथ टाई हो गया। सभी टीमों को अंक तालिका में 1-1 अंक दिये गए। तीसरे मैच में कोरबा पश्चिम की टीम ने रायपुर रीजन को 8-0 से परास्त किया। चौथे मैच में अंबिकापुर ने दुर्ग की टीम को 4-1 से हराया। पांचवें मैच में रायपुर सेंट्रल ने राजनांदगांव को 4-0 से शिकस्त दी। छठवां मैच दुर्ग और कोरबा पश्चिम के बीच हुआ, जिसमें कोरबा पश्चिम ने 7-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। कल सुबह 9 बजे से हॉकी स्टेडियम में लीग व सेमीफाइनल के मैच होंगे। 28 मार्च को फाइनल मैच होगा।

बुजुर्गों से परिवार में समाधान है, समाधान से जीवन सुगम : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वृद्धाश्रम का नाम अनुभव आश्रम रखा जाना चाहिए। परिवार में बुजुर्गों की उपस्थिति से हर समस्या का समाधान मिलता है जिससे परिवार में सुखमय वातावरण का निर्माण होता है और सुख शांति व समृद्धि आती है।

श्री अग्रवाल आज सारा समाज सेवी संस्थान द्वारा संचालित कपड़ा बैंक व ओम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वृद्धाश्रम श्याम नगर के रंगारंग व सम्मान कार्यक्रम में सभा को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में कपड़ा बैंक की ओर से नए कपड़ों का वितरण व सम्मान का कार्यक्रम रखा गया था। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि वृद्धाश्रम का नाम अनुभव आश्रम रखा जाना चाहिए। बुजुर्ग ही हमारी शक्ति है, हमारी ताकत है। बुजुर्ग नहीं होते तो हम नहीं होते। जिस घर मे बुजुर्ग होते है वहां समाधान होता है, आज घरों में बच्चे अवसाद में जा रहे है, आत्महत्या कर रहे है उसका एक बड़ा कारण भी यह है कि उनके पास समस्या से लड़ने की क्षमता नहीं है, समाधान करने की ताकत नहीं है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि जिस घर में बुजुर्ग रहते हैं वहां पर बड़ी से बड़ी समस्याओं का कोई न कोई समाधान जरूर होता है। यहां पर आप अपनों से परेशान होकर आए हैं, यहां जो भी हैं वे भी आपके अपने ही हैं। हम सब आपके उस परेशानी को दूर तो नहीं कर पा रहे हैं पर आपको मानसिक व भौतिक सुख जरूर दे पाएंगे।

खैरागढ़ उपचुनाव की कमान वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू को सौंपने से हर्ष की लहर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू को खैरागढ़ उपचुनाव की कमान सौंपी गयी है। ताम्रध्वज साहू कांग्रेस की चुनाव अभियान समिति के संयोजक बनाये गए हैं। इस समिति में राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ खैरागढ़ के प्रमुख कांग्रेस नेताओं को स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को चुनाव अभियान समिति की महती जिम्मेदारी देकर उन पर बड़ा भरोसा जताया है। उनके अनुभव और रणनैतिक कौशल और लोकप्रियता का लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। ताम्रध्वज को कमान मिलने से साहू समाज में भी हर्ष का माहौल है। साहू समाज के अनुभवी लोग और युवाओं का मानना है कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव अभियान समिति जैसी महत्वपूर्ण कमेटी का संयोजक समाज के वरिष्ठ नेता को बना के समाज के प्रति बड़ा विश्वास जताया है। ताम्रध्वज साहू चार बार विधानसभा और लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके है। अनेको बार मंत्री रह चुके है। वे कांग्रेस के वर्किंग कमेटी के भी सदस्य रह चुके है। उन्होंने एआईसीसी के पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभाग का दायित्व भी बड़ी कुशलता पूर्वक निभाया था। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी खैरागढ़ का चुनाव प्रचंड मतों से जीतेगी।

भाजपा छत्तीसगढ़ के हितों की दुश्मन क्यों है : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कोल ब्लॉक के मामले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि यह समझ से परे है कि भाजपा छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ की जनता के हितों की दुश्मन क्यों है? पहले नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक इस मामले में राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नजर आ रहे थे और अब छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष साय राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष दिखाई पड़ रहे हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक जिम्मेदार मुखिया की भांति अपने राज्य की जनता के हितों की रक्षा के साथ देश के संघीय भावनाओं के प्रति सम्मान दिखाया है। छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सदिच्छा राजस्थान की जनता के साथ है लेकिन छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के हितों को सुरक्षित रखने के साथ ही राजस्थान की मदद संभव है यह उन्होंने स्पष्ट कर दिया है। इसीलिये उन्होंने राजस्थान की नियमानुसार पूरी मदद का ठोस आश्वासन दिया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बातचीत में यह स्पष्ट कर चुके हैं कि राजस्थान को नियमानुसार कोयला खनन की अनुमति दी जायेगी लेकिन स्थानीय हितों से समझौता नहीं किया जायेगा तो भाजपा को इसके लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए कि वे छत्तीसगढ़ के हितों का दृढ़ता से संरक्षण कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के लिए छत्तीसगढ़ के हित सर्वोपरि हैं। जिससे किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जा सकता।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने पंद्रह साल में छत्तीसगढ़ की छाती छोलने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। खनिज संपदा खोद खाई। जमकर कमीशनखोरी की। अब तीन साल से कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार अपनी धरती के लोगों के हित संरक्षण, अपनी पर्यावरण सुरक्षा के लिए सतर्क और संवेदनशील है तो भाजपा को आपत्ति क्यों है? छत्तीसगढ़ के गरीबों के आवास का कोटा रद्द होने, यूरिया डीएपी का कोटा काटने, धान खरीदी में रोड़े अटकाने, किसानों को न्याय देने में अड़ंगा लगाये जाने के समय भाजपा के ये नेता तमाशबीन की तरह अपने मैजिशियन के हर करतब पर ताली बजाते हैं।

अब छत्तीसगढ़ के हितों का संरक्षण करने वाली कांग्रेस सरकार पर उंगली उठाकर अपने छत्तीसगढ़ विरोधी होने का एक और सबूत पेश कर रहे हैं।

गणेश शंकर विद्यार्थी बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। गणेश शंकर विद्यार्थी बलिदान दिवस की याद में पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी आफ इंडिया रायपुर चैप्टर द्वारा गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता विषय पर शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दैनिक नईदुनिया रायपुर के संपादक सतीश चन्द्र श्रीवास्तव रहे उन्होंने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने कम उम्र में ही बड़ी पत्रकारिता का कारनामा कर दिखाया था और वह ज्ञानवान थे आज के युवाओं में वैसा ही ज्ञान पैदा करना होगा। आज के दौर में पत्रकारिता पीआर में बदल गई है। पत्रकार का पत्रकार रहना बड़ा मुश्किल हो गया है मालिक पत्रकार रहने नहीं देते है। वर्तमान में जो भी पत्रकारिता का छात्र बनता है या फिर पत्रकारिता से जुड़ता है वह समाज में बदलाव लाने की इच्छा रखता है पर आज की पत्रकारिता उसे वैसा करने नहीं देती है। आज के पत्रकार को शुद्ध पत्रकार नहीं रहने दिया जाता। आज के दौर में जो दिखता है वही बिकता है । उन्होंने वर्तमान में पत्रकार की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक एवं पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुशील त्रिवेदी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी को विद्यार्थी इसलिअ कहा जाता था क्योंकि विद्यार्थी को पढ़ना होता है। उसी तरह एक पत्रकार को भी जीवन भर पढ़ना ही होता है। किसी भी घटना के मामले में पत्रकार को उसकी तह तक जाना होता है उसी तरह से हर जनता को अधिकार है कि उसे सही सूचना मिले। विद्यार्थी ने विदेशी ज्ञान को हिंदी में लाने और हिंदी भाषा के विकास के लिए लगातार प्रयास किये। रूढ़िवादी समाज से मुक्ति दिलाने का प्रयास भी वह लगातार करते रहे और स्वंय कोअन्वेषण करना व विज्ञान ज्ञान को हिंदी में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रख्यात लेखक, साहित्यकार एवं पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता के आदर्श है जो न भूतो न भविष्यति थे। वह हमेशा हर पत्रकार के लिए प्रेरणा के स्रोत रहे । उन्होंने कभी भी अपने लेखन में समाज के साथ समझौता नहीं किया। आज के दौर में पत्रकारिता की जो नीति है वह अलग-अलग गुटों में और विचारधारों में बंटी नजर आती है उन्हें विद्यार्थी के विचारों को अपनाने की जरूरत है। उनकी पत्रकारिता में मिशन की पत्रकारिता थी जिसने समाज में सद्भावना लाने का कार्य किया। उनका समग्र जीवन ही पत्रकार मिशन है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाचार संपादक अमृत संदेश रायपुर के बाबूलाल शर्मा मौजूद रहे उन्होंने कहा कि आज कहीं भी पत्रकारिता की मर्यादा नहीं दिखती। अंग्रेजी शासन के विरोध और भारतीय समाज की एकता के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपना बलिदान तक दे दिया पर वर्तमान दौर में ऐसी पत्रकारिता कहीं भी देखने को नहीं मिलती। आज के दौर में उन्हें हर अखबारों के शब्दों में पृष्ठों और समाचार में होना चाहिए और हर जगह पर उनके आदर्श होने चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई के कुलपति प्रोफेसर. एम.एस. निगम ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है। पत्रकारिता आज के दौर में मिशन की जगह प्रोफेशनल में बदल गई है इसलिए हमें गणेश शंकर विद्यार्थी को आत्मसात करने की जरूरत है जो जीवन भर मिशन के रूप में पत्रकारिता करते रहे।

आगजनी में 5 मवेशी जिंदा जले

शॉर्ट-सर्किट से दो भाइयों के मवेशी वाले मकान में लगी आग, 50 क्विंटल गेहूं व मूंग भी जल गया

जबलपुर

जबलपुर में अग्नि हादसे में पांच मवेशी जिंदा जल गए। ग्रामीणों की तत्परता से 15 मवेशी बचा लिए गए। हादसा चरगवां क्षेत्र के आदिवासी बहुल गांव दपकिया की है। गांव के दो सगे भाइयों के मवेशी बांधे जाने वाले खपरैल वाले मकान में आग भड़की थी। करीब पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। ट्रेनी आईपीएस सीएसपी बरगी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि दपकिया गांव निवासी सगे भाई देवी सिंह पटेल व पुहप सिंह पटेल के मकान में आग लगी थी। दोनों भाइयों ने पीछे का मकान पक्का बनवा लिया है। आगे का हिस्सा खपरैल का है। उसमें भूसा और अनाज आदि रखने के साथ मवेशी बांधते हैं। दोनों भाइयों की 20 गाय-भैंस है।

शॉर्ट-सर्किट से भड़की आग-रविवार रात में भूसे वाले हिस्से में आग लग गई। इसकी प्रारंभिक वजह शॉर्ट-सर्किट सामने आई है। आग भूसा से फैल कर खपरैल वाले मकान में फैल गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देख गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह 15 मवेशियों की रस्सी काट कर निकाल लिया। पर 5 मवेशी आग की लपटों में आकर जिंदा जल गए।

पांच घंटे लगे आग बुझाने में- हादसे की सूचना ग्रामीणों से पाकर चरगवां टीआई विनोद पाठक थाने के स्टाफ के साथ पहुंच गए। तब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई थी। हादसे वाला घर गांव के बीच में है। वहां तक जाने का रास्ता संकरा था। इस कारण दमकल वाहन नहीं पहुंच पाया। पाइप की मदद से किसी तरह आग बुझाने की कवायद शुरू हुई, तो पांच घंटे लग गए।

गेहूं व मूंग भी स्वाहा- देवी सिंह पटेल व पुहप सिंह पटेल का 50 क्विंटल गेहूं व मूंग भी स्वाहा हो गया। खबर पाकर स्थानीय कांग्रेस विधायक संजय यादव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर नुकसान की जानकारी ली। विधायक यादव ने कहा कि हर साल इस क्षेत्र में भीषण आग लगती है। प्रशासन से कई बार मांग कर चुका हूं कि एक-एक दमकल वाहन बरगी व चरगवां में खड़ा कराया जाए। जिससे इस तरह के हादसे पर त्वरित राहत पहुंचाई जा सके। पर प्रशासन ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया।

जबलपुर हाई कोर्ट ने ओबीसी मामले की आगामी सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित की

जबलपुर।

हाई कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती के मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित कर दी है। ओबीसी आरक्षण विरोध में 23 याचिकाएं व ओबीसी के आरक्षण के समर्थन में 35 सहित कुल 58 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई हुई। प्रशासनिक न्यायमूर्ति शील नागू व एमएस भट्टी की युगलपीठ में पक्ष रखा गया। सर्व प्रथम अखिल भारतीय ओबीसी महासभा की ओर से उदय कुमार आधिवक्ता द्वारा दाखिल आवेदन पर सुनवाई की गई। उक्त आवेदन प्रकरणों के ओआइसी द्वारा जून 2021 में दाखिल शपथ पत्र में कुछ असत्य जानकारी कोर्ट में दाखिल करने के सम्बन्ध में था। ओआइसी के विरूद्ध दाण्डिक कार्रवाई करने हेतु

दाखिल आवेदन को कोर्ट ने यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि अखिल भारतीय ओबीसी महासभा प्रकरण में इन्टरवींनर नहीं है। इसलिए उक्त आवेदन पर कोर्ट विचार नहीं कर सकता।

राज्य सरकार को निर्देशित किया कि मेडिकल में ओबीसी के 27त्न आरक्षण के मान से दिए गए प्रवेश में 13त्न याचिका के निर्णयाधीन रहेगा - इसके बाद कोर्ट ने विशेष अनुमति याचिका में पारित आदेश का अवलोकन किया व राज्य सरकार को निर्देशित किया कि मेडिकल में ओबीसी के 27त्न आरक्षण के मान से दिए गए प्रवेश में 13त्न याचिका के निर्णयाधीन रहेगा। शासन की ओर से महाधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया कि शासन द्वारा प्रकरणों में समुचित आवेदन दाखिल किया जाना है इसलिए कोर्ट ने उक्त प्रकरणों को 27 अप्रैल 2022 फाइनल सुनवाई नियत की है। बिसेन आयोग द्वारा कलेक्ट किए डाटा न्यायालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह व विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह के पक्ष रखा तथा इन्टरवीनर्स की ओर से उदय कुमार, परमानंद साहू, आरजी वर्मा व त्रिलोकी नाथ सोनकर ने पक्ष रखा। प्रकरणों की आगामी सुनवाई 27 अप्रैल को होगी।

गर्मी शुरू होते ही सुलगने लगी झाड़ियां, रोजाना लग रही आग

जबलपुर। गर्मियों का सीजन शुरू होते ही झाड़ियां सुलगने की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। आग लगने की घटनाएं भी रोजाना सामने आ रही है। इसी के साथ दमकल अमले का काम बढ़ भी गया है। रविवार को भी शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में करीब तीन स्थानों पर झाड़ियां में आग लगने की सूचना नगर निगम के दमकल शाखा को मिली। सूचना मिलते ही पहुंच दमकल अमले ने आग पर काबू पा लिया।

शार्ट सर्किट होने लग रही आग - ज्यादातर आग की घटनाएं शार्ट सर्किट होने से लग रही है। रविवार को भी उखरी रोड पर स्थित पावर हाउस के पास बांस की झाड़ियों की आग लग गई। दमकल अमले ने पानी की बौछारें कर आग बुझा दी। बताया जाता है कि आगे बिजली की तारों में शार्ट सर्किट होने से लगी थी। बांस के झाड़ियों में तेजी से फैलती आग को देखते यहां से गुजरने वालों में भी हड़कंप मचा रहा। आनन-फानन में लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। इसी तरह त्रिपुरी चौक में शार्ट सर्किट से मकान में आग लग गई। नगर निगम के दमकल शाखा के मुताबिक दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि राहुल साहू के मकान में आग लग गई है। मौके पर एक दमकल वाहन रवाना किया

गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझा दी गई। आग लगने से करीब 25 हजार का नुकसान होना बताया जा रहा है। इसी तरह मेडिकल के समीप नेहरू नगर में भी झाड़ियों में आग लगने की सूचना पर दमकल टीम रवाना की गई। यहां भी पानी की बौछार कर आग बुझा दी गई। दमकल शाखा के मुताबिक गर्मी का सीजन शुरू होते ही झाड़-झकाड़ियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है। समय रहते सूचना मिलने पर आग पर काबू पा लिया गया। इसी तरह गत दिवस तिलवारा घाट के समीप पहाड़ी क्षेत्र में आग लग गई। तेजी से फैलती आग की सूचना नगर निगम को मिली। लेकिन इसके पहले ही वन विभाग ने पहाड़ी पर लगी आग को अपने तरीके से बुझा ली।

सगाई के बाद बढ़ने लगी दहेज की डिमांड-जबलपुर में लड़के वालों ने लिखवा कर लिया- उन्हें दहेज नहीं चाहिए, फिर भी नहीं लाए बारात

जबलपुर। अधारताल में एक अनोखा मामला सामने आया है। लड़का-लड़की वालों की रजामंदी से सगाई हुई। सगाई में खातिरदारी में कमी से लड़के वाले नाराज हो गए। दबाव बनवा कर लड़की के पिता से लिखवा लिया कि उन्हें दहेज नहीं चाहिए। दहेज हम अपनी मर्जी से लड़के वालों को गिफ्ट दे रहे हैं। इसके बाद उनकी दहेज की डिमांड बढ़ती गई। लड़की वाले बारात का इंतजार करते रह गए। लड़के वालों की मनमानी और परिवार को ब्लैकमेल किए जाने से नाराज युवती थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई।अधारताल पुलिस के मुताबिक जवाहर नगर निवासी परिवार ने 2021 में बेटी की सगाई चंद्रमोहन नगर रांझी निवासी श्रीलाल कुशवाहा के बेटे राकेश कुशवाहा से की थी। 12 जून 2021 को तिलक व फलदान तथा 13 जून को सगाई व ओली का कार्यक्रम तय हुआ था। पिता ने सगाई में 2 लाख 51 हजार रुपये नकद, अंगूठी, कपड़े आदि वर पक्ष को दिए थे। डेढ़ लाख रुपए मेहमानों के स्वागत में खर्च किए। पर वर पक्ष को इंतजाम पसंद नहीं आए। सगाई के बाद वर पक्ष ने लड़की के पिता को अपने घर बुलाया। जहां कागज पर लिखवा लिया कि शादी के संबंध में जो भी खर्च हो रहा है वे अपनी मर्जी से कर रहे हैं, न कि दहेज के तौर पर। यहां सगाई के दौरान बदइंतजामी का आरोप लगाकर उन्हें जलील भी किया। बेटी की शादी न टूटे, इस कारण पिता वर पक्ष द्वारा की गई इस बेइज्जती का कड़वा घूंट पीकर रह गए। उनसे माफीनामा भी लिखवाया गया कि सगाई में वे बेहतर इंतजाम नहीं कर पाए। कोविड के चलते तय कार्यक्रम टालने पड़े। कोविड का संकट कम हुआ तो फिर नई तारीख निकाली गई। इस बार तीन दिसंबर 2021 को लगुन व सात दिसंबर को विवाह की तारीख तय हुई। परिवार बेटी की शादी की तैयारियों में जुट गया। इसी बीच श्रीलाल कुशवाहा और उसके बेटे राकेश कुशवाहा ने दहेज में पांच लाख रुपये नकद और कार की डिमांड कर दी। परिवार ये सोचकर इंतजाम में जुट गया कि शादी न टूटे। पर श्रीलाल व राकेश ने एक बार फिर कोविड का हवाला देकर शादी की तारीख टाल दी।

कलेक्टर उमरिया को छात्र छात्रा एवम युवाओं ने शटल एवम चंदिया चिरमिरी ट्रेन को पुनः संचालन हेतु सौंपा अल्टीमेट ज्ञापन

कलेक्टर से मिल कहां 15 दिवस में मांग पूरी नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन

उमरिया

उमरिया जिले की सक्रीय युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया कलेक्टर श्रीमान संजीव श्रीवास्तव को अल्टीमेट एक ज्ञापन पत्र सौंपा गया। टीम का नेतृत्व कर रहे युवा हिमांशू तिवारी ने कहा हमारी टीम के द्वारा लगातार राष्ट्रहित,समाजहित व छात्रहित में विभिन्न प्रकार के कार्य किए जाते है। महोदय ज्ञात है कि कोरोना महामारी को देखते हुए लोकल ट्रेनों का आवागमन बन्द कर दिया गया था । हालात सुधरते ही सरकार द्वारा उच्च स्तर की ट्रेनों का संचालन पुनः प्रारम्भ कर दिया गया लेकिन हमारे क्षेत्र में अभी भी महामारी से आम जनता उभरी नही है पेसो की तंगी से हालात अभी सुधरे नही है ट्रेनों का स्टॉपेज न होने के कारण सभी के काम धंधे बंद हो चुके है साथ ही साथ छात्र छात्राओं के अध्यापन कार्य भी बंद पड़े है । हमारा क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है हमारे क्षेत्र के दूरदराज विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों घुंघुटी, लोढ़ा, मलाचुआ, बरबसपुर,गोरया, आदि स्थानों से

आदिवासी छात्र छात्राएं अध्ययन करने जाते हैं और आते है। हमारे क्षेत्र से हजारों की संख्या में उमरिया और शहडोल छात्र-छात्राएं अध्ययन करने महाविद्यालय विद्यालय आदि जाते हैं। परीक्षा नजदीक हो चली है परीक्षा समय भी आ चुके है और हमारे क्षेत्र में ट्रेनों का आवागमन न होने के कारण छात्र परीक्षा में समय से शामिल नही हो सकेंगे । महोदय आपसे निवेदन है की ट्रेन (चिरमिरी/चंदिया)चिरमिरी से होकर चंदिया लोकल व सुबह सटल गाड़ी नाम चिरमिरी बीमा(चिरमिरी/मुरवाड़ा, बिना) गाड़ी । आपसे निवेदन है कि इन ट्रेनों का संचालन पुनः चालू करवाया जाए साथ ही जिस तरह से किराया अधिक कर दिया गया इसमे संसोधित कर पूर्व की भाती किया जाय साथ ही छात्रों के लिए एम एस टी(रूस्ञ्ज) सुविधा को भी पुनः चालू किया जाए ।जिससे के आने वाले छात्रों व रोजगार से जुड़े कार्यो का, जीवन यापन की प्रकिया का पुनः संचालन आम जनता द्वारा किया जा सके।ज्ञात होवे की हमारी नगरी धार्मिक स्थल भी है व हमारे नगर का सबसे बड़ा पर्व रामनवमी व मेला भी कुछ ही दिनों में प्रारम्भ होगा जिसमे दर्शनार्थी आस पास के नगरों से आते हैं। जिसमे इस ट्रेन के न चलने से दर्शनार्थियों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। व वह सभी माता की नगरी में दर्शन हेतु आने असमर्थ होने। अतः हमारा निवेदन आप अवश्य स्वीकार करेंगे।ऐसा हमे पूर्ण विश्वास है। किन्तु यदि हमारी मांगों को 15 दिनों के भीतर नहीं मानी जाएंगी तो जिला उमरिया की युवा टीम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन जिला प्रशासन एवं शासन की होगी। ज्ञापन देते समय युवा हिमांशु तिवारी करण बैगा ऋषभ त्रिपाठी, महाविद्यालय की छात्राएंगायत्री साहू, आँचल पटेल, शीतल खंडेलवाल,चांदनी बर्मन, कंचन सेन,रीनू कोल,ज्योति कोल, पूजा परास्ते, शिवानी बर्मन, प्रेरणा तिवारी,हेमलता,अंजली,आयुष राय, उदय यादव महेंद्र तिवारी एवं सभी उपस्थित रहे।

स्टेशन पर कैमरों से गंदगी करने वालों पर रखी नजर, काटा चलान

जबलपुर। ट्रेन में बिना टिकट सफर करने वालों से रेलवे ने जहां करोड़ों कमा लिए तो वहीं गंदगी करने वालों से भी रेलवे ने अपनी आय का ग्राफ बढ़ा लिया है। दरअसल कोरोना काल के दौरान ट्रेन किराए से होने वाली आय में कमी आने के बाद रेलवे ने दूसरे माध्यमों से अपनी आय बढ़ाना शुरू कर दिया है। पश्चिम मध्य रेलवे की सीमा में आने वाले जबलपुर समेत तीन सौ से ज्यादा रेलवे स्टेशन में गंदगी करने वालों से जुर्माना वसूलने का आंकड़ा जारी किया है। पमरे ने इस साल रेलवे स्टेशन और सर्कुलेशन एरिया में गंदगी करते हुए 12 हजार से ज्यादा यात्रियों को पकड़ा। इन्हें न सिर्फ हिदायत दी बल्कि इनसे जुर्माना भी वसूला। रेलवे ने स्टेशन पर लगे कैमरों की मदद से गंदगी करने वाले यात्रियों पर नजर रखी और इनसे यात्रियों से 13 लाख 85 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। पमरे ने तीनों मंडल में 11 माह में जहां 13 लाख रुपये का जुर्माना वसूला। वहीं अकेले माह फरवरी में 300 रेलवे स्टेशन में गंदगी करने वाले 899 लोगों को पकड़ा।

युवाओं ने पेश की मानवता की मिसाल

गौमाता की सुरक्षा, प्रकृति की रक्षा : हिमांशु तिवारी

उमरिया

जिले की सक्रीय युवा टीम के द्वारा बिरसिंहपुर पाली के एसडीओपी कार्यालय के समीप रोड पर गाय अचानक से बीमार पड़ गई । जिसकी सूचना युवा टीम का नेतृत्व कर रहे युवा हिमांशु तिवारी को मिली उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हमे जैसे ही सूचना प्राप्त हुए तत्काल हमारी टीम के द्वारा घटना स्थल पर पहुँच कर पशु चिकित्सालय के पशु डॉ को सूचना दी व डॉ को घटनास्थल ओर लाकर कर गाय का उपचार करवाया गया। उन्होंने बताया कि डॉ के मुताबिक गाय के पॉलीथीन खा लिया था जिसके कारण वह बीमार पड़ गई।

टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने कहा कि हिन्दू धर्म में गाय को देवी माँ का दर्ज़ा दिया जाता है ऐसी मान्यता है की गाय मे 33 करोड़ देवी देवताओं का निवास है। इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गाय की सेवा करनी चाहिए। गाय सेवा करने वाला व्यक्ति पुण्य का भागीदार बनता है।

उन्होंने कहा कि गाय का दूध तंदरुस्ती, मांस बीमारी और घी शिफा है7 'देशी गाय हमारे देश का भविष्य है, जिस गाय को हम गौ माता कह कर बुलाते है आज हम ही लोग गाय को भोजन प्लास्टिक की थेलियों में भर कर देते है. जिससे वो प्लास्टिक गाय के पेट में जाकर फुल जाता है, परिणाम स्वरुप गाय अनेकों बिमारियों की चपेट में आ जाती है और यहीं उसके मरने का कारण होता है7हम हमारी संस्कृति को भी भूलते जा रहे है,पहले हम भोजन की पहली रोटी गाय माता को खिलाते थे, घरो में गाय पालन करते थे, गौशालाओं का संरक्षण करते थे लेकिन अब हमें गौ माता का बिलकुल भी ख़याल नहीं है7 गाय हमें दूध, दही, घी, मक्खन, मलाई, गौमूत्र, गौबर देकर हमारे ऊपर उपकार करती है परन्तु बदले में हम उसे क्या देते है।गाय आज बेसहारा गलियों, कॉलोनियों, सडको पर कचरा खाती दिखाई देती है हम उन्हें ना तो कोई छत दे सकते है और ना ही किसी गौशाला में स्थान7गाय के समीप जाने से ही संक्रामक रोग कफ सर्दी, खांसी, जुकाम का नाश हो जाता है। गौमूत्र का एक पाव रोज़ सुबह ख़ाली पेट सेवन करने से कैंसर जैसा रोग भी नष्ट हो जाता है।इस नेक कार्य मे हिमांशू तिवारी,अर्जुन राजक,पारस सिंह परिहार, शनि पटेल,जयप्रकाश साहू,महेंद्र तिवारी,रिषभ त्रिपाठी, प्रेरणा तिवारी,लक्ष्मी सिंह पूजा परास्ते की अहम भूमिका रही।

नव प्रदेश दैनिक अखबार में मार्केटिंग के लिए कुशल एवं अनुभवी व्यक्ति संम्पर्क करें, साथ ही समस्त जिले एवं ब्लॉक में संवाददाता नियुक्त करना है।
संम्पर्क करेंः- नव प्रदेश कार्यालय
होटल सन पैलेस, भाटिया टायर के पीछे
पुराना बस स्टैंड, जबलपुर (म.प्र.)
फोनः 0761- 4924975
मो. नं. 8319102513

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन

पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1ग्राम गोल्ड शोरूम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईब्रोनिक काजल फ्री
पताः चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मोः 9826243750

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402, कौशल्या विहार, नेपियर टाउन 482001 प्रकाशित, संपादक-सुशील दत्त
प्रबंध संपादक- जगदीश सकतेल, सलाहकार संपादक-रविकिरण साहू email: navpradeshjbp123@gmail.com फोन-0761-4924975